राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 262, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 05 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

शिक्षा एवं पत्रकारिता के पुरोधा साहित्यकार स्वर्गीय श्री माखनलाल चतुर्वेदी को .... पेज 03

सिद्धार्थनगर में 500 बीघा गेहूं की फसल में लगी आग, तीन घंटे मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड .... पेज 05

इंग्लैंड की महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया .... पेज 07

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग दंपति समेत पांच लोगों की मौत

विजयवाड़ा। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम और कृष्णा जिलों में गुरुवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बुजुर्ग दंपति समेत पांच लोगों की मौत हो गयी।

पुलिस ने बताया कि विशाखापत्तनम जिले के पेंडुर्थी मंडल के अक्कीरेड्डीपालेम गांव में टाटा वैन की एक लॉरी से हुयी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये।

मृतकों की पहचान हनुमंतु आनंद राव (45), हनुमंतु शेखर राव (15) और चिंताडी (65) के रूप में हुयी। ये सभी पश्चिम गोदावरी जिले के कोव्वुरु शहर के निवासी थे। घायलों को केजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक अन्य सड़क दुर्घटना में घंटशाला मंडल के लंकापल्ली गाँव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक स्कूटर और लारी के बीच हुयी टक्कर में स्कूटर पर सवार बुजुर्ग दंपति की मौत हो गयी।

मृतक की पहचान दसरी नागेश्वर राव (70) और दसरी सरोजनी (60) के रूप में हुयी है, जो कि चल्लापल्ली मंडल के पचरुलंका गाँव के निवासी थे।

शपथ



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने नई दिल्ली में राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

## सोनिया ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को नये संसद भवन में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान से उच्च सदन से निर्विरोध निर्वाचित श्रीमती गांधी को शपथ दिलायी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्रीमती गांधी को नयी पारी के लिए शुभकामनाएं दी।

खड़गे ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को मेरी शुभकामनाएं। वह आज राज्यसभा में शपथ लेकर अपनी नयी पारी शुरू कर रही हैं।

प्रतिकूल परिस्थितियों और उथल-पुथल के बावजूद उनका साहसी लचीलापन और गरिमामय अनुग्रह हमारी संसदीय रणनीति का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने लोकसभा में सेवा करते हुए 25 साल पूरे कर लिए हैं, और अब मैं और मेरे साथी सदस्य उच्च सदन में उनकी उपस्थिति का इंतजार कर रहे हैं। उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

## भारतीय नौसेना ने नौ समुद्री लुटेरों को पकड़ा

**चालक दल के 23 पाकिस्तानी सदस्यों के साथ एक ईरानी नाव का अपहरण करने का आरोप**

मुंबई । मुंबई पुलिस ने बुधवार को नौ समुद्री लुटेरों को गिरफ्तार किया, जिन्हें हाल ही में एक ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज का अपहरण करने के आरोप में भारतीय नौसेना ने पकड़ा था. सोमालिया तट से चालक दल के 23 पाकिस्तानी सदस्यों के साथ एक ईरानी नाव का अपहरण करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने 9 समुद्री लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है।

भारतीय नौसेना ने 29 मार्च को समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत 12 घंटे से अधिक की कार्रवाई के बाद अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज अल-कंबर और उसके चालक दल को बचा लिया था. इस ऑपरेशन में



आईएनएस सुमेधा और गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल शामिल थे। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने मीडिया से कहा, आईएनएस त्रिशूल 3 अप्रैल को मुंबई पहुंचा और भारतीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री डकैती रोधी अधिनियम 2022 के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सभी नौ समुद्री लुटेरों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

### 12 घंटे तक चली कार्रवाई

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने भी इसकी पुष्टि की और कहा कि येलो गेट पुलिस स्टेशन में आपराधिक साजिश, अपहरण और सबूतों को नष्ट करने, समुद्री डकैती विरोधी अधिनियम और शस्त्र अधिनियम से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, नौ आरोपियों की मेडिकल जांच भी कराई गई है और उन्हें गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा 28 मार्च की देर रात नौसेना के अधिकारियों को संभावित समुद्री डकैती की घटना के बारे में जानकारी मिली जिसके बाद अरब सागर में दो जहाजों को तैनात किया गया। यमन के सोकोट्रा तट पर अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका को रोक लिया गया।

## घरेलू जीन थेरेपी मानव जाति के लिए आशा की किरण : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरूवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई में कैंसर उपचार के लिए देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का शुभारंभ करते हुए इसे संपूर्ण मानव जाति के लिए आशा की किरण बताया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि देश की पहली जीन थेरेपी की शुरूआत कैंसर के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता है। उपचार की इस प्रणाली का नाम 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' है, जो कैंसर इम्यूनोथेरेपी उपचार है। यह सुलभ और सस्ती है, इसलिए संपूर्ण मानव जाति के लिए आशा की नई किरण है।

## आईएसआई के 3 आतंकी सोनौली बॉर्डर से गिरफ्तार

**नेपाल के रास्ते भारत में कर रहे थे एंट्री; एक हिजबुल मुजाहिदीन से ले चुका है ट्रेनिंग**

**महराजगंज।** भारत-नेपाल के सोनौली बॉर्डर से एटीएस ने तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 पाकिस्तान और 1 कश्मीर का रहने वाला है।

एटीएस को मिली खुफिया जानकारी के मुताबिक ये लोग पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की मदद से भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में थे।

गिरफ्तार आतंकियों में मोहम्मद अल्ताफ बट पाकिस्तान के रावलपिंडी का रहने वाला है। सैयद गजनफर इस्लामाबाद का है। नासिर अली जम्मू कश्मीर का है। मोहम्मद अल्ताफ हिजबुल मुजाहिदीन के मुजफ्फराबाद स्थित कैंप में ट्रेनिंग ले चुका है। तीनों के पास से आधार कार्ड और पासपोर्ट भी बरामद किया गया है।

एटीएस ने बताया, अल्ताफ मुजफ्फराबाद कैंप से असलहों की ट्रेनिंग लेकर हिजबुल के हैंडलर के संपर्क में काम कर रहा था।

हैंडलर ने ही अल्ताफ को नेपाल के रास्ते भारत पहुंचने का आदेश दिया था। नेपाल के काठमांडू में आईएसआई का हैंडलर मिला जिसने अल्ताफ के साथ सैयद गजनफर को फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज उपलब्ध करवाए, जिसकी मदद से तीनों भारत आए।



मोहम्मद अल्ताफ भट | सैय्यद गजनफर | नासिर अली

### अफसरों से छुप रहे थे, शक होने पर पकड़ा

सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार रात सोनौली बॉर्डर पर इमिग्रेशन अफसर लोगों की जांच कर रहे थे। इसी बीच भारत जाने के लिए एक बस सीमा पर पहुंची। जांच करने के लिए जवान बस के अंदर घुसे। इस दौरान अफसरों को तीनों को एक्टिविटी संदिग्ध लगी। तीनों अफसरों से छुप रहे थे।

इसके बाद अफसरों ने तीनों को हिरासत में ले लिया। जब डॉक्यूमेंट्स चेक किए, तो 2 पाकिस्तानी और 1 कश्मीरी युवक निकला। इसके बाद अफसरों ने इसकी सूचना यूपी एटीएस को दी। सूचना पर एटीएस के अफसर पहुंचे और तीनों को गिरफ्तार कर लखनऊ ले आए।

## फायर कर गिराए ड्रोन से 10 करोड़ की हेरोइन मिली



श्रीगंगानगर। हेरोइन ले जा रहे ड्रोन को बीएसएफ ने फायर कर गिरा दिया। ड्रोन से दो पैकिट में पौने दो किलो हेरोइन मिली है। जिसकी बाजार में कीमत लगभग दस करोड़ रुपए बताई जा रही है।

यह मामला अनूपगढ़ जिले के रायसिंहनगर इलाके के गांव चालीस पीएस का है। बीएसएफ के जवान हेरोइन तस्करों की तलाश में जुटे हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ड्रोन कहां से उड़ाया गया और कहां जा रहा था।

### सुबह साढ़े सात बजे दिखा ड्रोन

गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे बीएसएफ को आसमान में एक ड्रोन नजर आया। इस पर जवान अलर्ट हुए और ड्रोन की दिशा में फायर करने लगे। इस दौरान एक फायर में ही ड्रोन गिर गया। बाद में जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। जिसमें लगभग ढाई घंटे बाद अगल-अलग पैकिट में करीब पौने दो किलो हेरोइन मिली। जिसकी कीमत लगभग 10 करोड़ बताई जा रही है।

**बीएसएफ के जवान तस्करों की तलाश में जुटे, पौने दो किलो है हेरोइन का वजन**

### बीएसएफ तस्करों की तलाश में चला रही सर्च ऑपरेशन

बीएसएफ के अधिकृत सूत्रों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि इलाके में दो पैकेट में हेरोइन मिली है। इसका वजन करीब पौने दो किलो है। इलाके में एक ड्रोन का मलबा मिला है। हेरोइन लेने आए तस्करों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है।

## महिला आयोग ने सुरजेवाला पर कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग को लिखा पत्र

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को मथुरा से लोकसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की नेता हेमा मालिनी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। आयोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि आयोग सांसद हेमा मालिनी पर श्री



सुरजेवाला की टिप्पणी की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने कहा कि यह बयान स्त्री विरोधी और अपमानजनक है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा है कि सुरजेवाला की टिप्पणी को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा गया है और कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया है। महिला आयोग ने चुनाव आयोग से तीन दिन के भीतर इस पर कार्रवाई की रिपोर्ट देने को कहा है।

## पूर्वोत्तर भारत में सात अप्रैल तक भारी बारिश के आसार

नयी दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अरुणाचल प्रदेश में चार से सात अप्रैल तक भारी बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं।असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट गरज और बिजली के साथ काफी व्यापक से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अगले दो दिनों के दौरान छिटपुट हल्की बारिश होने के आसार हैं और छह से 10 अप्रैल तक छिटपुट गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड में छह से नौ अप्रैल तक और बिहार में सात से आठ अप्रैल को गरज और बिजली के साथ छिटपुट बारिश होने के आसार हैं।

## डेरा प्रमुख की हत्या का हुआ खुलासा, चार गिरफ्तार

**हत्या दस लाख की सुपारी देकर पेशेवर शूटरों से करायी गयी**

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के नानकमत्ता स्थित गुरुद्वारा के डेरा प्रमुख की हत्या की गुत्थी विशेष जांच दल (एसआइटी) ने सुलझा ली है। हत्या दस लाख की सुपारी देकर पेशेवर शूटरों से करायी गयी। पुलिस ने हत्या की साजिश में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंजूनाथ टी.सी. ने आज रूद्रपुर में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि डेरा प्रमुख की हत्या गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब और तराई के अन्य गुरूद्वारों पर



वर्चस्व कायम करने को लेकर की गयी। उन्होंने बताया कि हत्या कुछ महत्वपूर्ण लोगों के कहने पर करायी गयी। उन्होंने हालांकि अभी इसका खुलासा नहीं किया है। इसके लिये दस लाख की सुपारी दी गयी। पेशेवर शूटरों को पंजाब से बुलाया गया। जिन दो शूटरों को सुपारी दी गयी वे पेशेवर अपराधी हैं और उनके खिलाफ विभिन्न प्रदेशों में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी के अनुसार पूरी घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया और इसके लिये लंबी योजना बनायी गयी। इस साजिश में उप्र के शाहजहांपुर और पीलीभीत के दिलबाग सिंह, बलकार सिंह सतनाम सिंह, परगट सिंह और हरमिंदर सिंह उर्फ पिंदी को शामिल किया गया।

इन आरोपियों ने दस लाख रूपये की सुपारी देकर पेशेवर शूटरों की व्यवस्था की। शूटरों को 1.60 लाख रूपये बतौर एडवांस दिया गया। श्री मंजूनाथ के अनुसार दोनों शूटर सर्वजीत सिंह निवासी तरनतारन, पंजाब और अमरजीत उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा निवासी नगली फतेहगढ़, चूड़ियां रोड, थाना अमृतसर 14 फरवरी से इन आरोपियों के संपर्क में थे।

**लापरवाही**

**10 दिन तक लाशें टैंक में तैरती रहीं, बदबू की शिकायत के बाद कार्रवाई**

## तेलंगाना के वॉटर टैंक में मिली 30 बंदरों की लाशें

**एजेंसी**

हैदराबाद । तेलंगाना के नलगोंडा जिले में बुधवार (3 अप्रैल) को एक पानी की टंकी में 30 बंदरों की लाश मिली। जिस टंकी में बंदरों की लाश मिली थी, उससे 200 घरों में पानी सप्लाई किया जाता था।

जानकारी के अनुसार, यह मामला नलगोंडा इलाके के नंदीकोंडा नगर पालिका वार्ड का है। यह मामला तब सामने आया, जब आसपास के रहने वाले लोगों ने पानी से बदबू आने की शिकायत की। शिकायत करने के बाद मामला दर्ज हुआ और जांच शुरू की गई।



### लोगों का आरोप- जो हुआ, वह अधिकारियों की लापरवाही

पुलिस का कहना था कि जब जांच शुरू हुई तब उन्होंने देखा कि पानी में बंदरों की लाशें तैर रहीं थी। सभी लाशों को नगर निगम कर्मचारियों ने बाहर निकाला।

वार्ड लोगों का कहना है कि नलगोंडा में अधिकारियों की लापरवाही की वजह से ऐसा हुआ। मामले में जांच के दौरान पता चला कि यह घटना लापरवाही की वजह से हुई। 10 दिनों से बंदरों की लाशें टैंक के अंदर थीं।

टैंक का ढक्कन खुला रह गया था।

जब बंदर पानी पीने गए तो वे उसमें फंस गए और डूबने की वजह से उनकी मौत हो गई। फिलहाल विभाग लोगों के लिए पानी सप्लाई की व्यवस्था कर रहा है।

### बीआरएस विधायक बोले- कांग्रेस सरकार का ध्यान राजनीति पर

तेलंगाना के पूर्व मंत्री और भारत राष्ट्र समिति के विधायक केटी रामाराव ने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार ने लोगों की सेहत से ज्यादा राजनीति पर ध्यान दिया। तेलंगाना नगर निगम में मामलों की कितनी खराब स्थिति है। समय-समय पर होने वाली साफ-सफाई के लिए बनाए प्रोटोकॉल को नजरअंदाज किया जा रहा है। वहीं, नलगोंडा जिले के नागार्जुन सागर हिल कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने इस लापरवाही के लिए नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पवार 'चाचा-भतीजे' को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, अंतरिम आदेश का पालन करें

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विवाद के मामले में वरिष्ठ नेता शरद पवार और उनके भतीजे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुटों को 19 मार्च के अंतरिम आदेश का पूरी तरह से पालन करने का निर्देश देते हुए एक-दूसरे के खिलाफ दायर आवेदनों का निपटारा कर दिया है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राकांपा अजीत पवार गुट को निर्देश दिया कि वह शीर्ष के अंतरिम आदेश का पालन सुनिश्चित करते हुए चुनावी विज्ञापनों में अधिक प्रमुख के साथ यह उद्घोषणा प्रकाशित करें कि घड़ी प्रतीक (चुनाव चिन्ह ) का मामला अदालत के विचाराधीन है। पीठ ने इसी प्रकार से



शरद पवार गुट को भी निर्देश दिया कि अंतरिम आदेश का पालन करते हुए वह घड़ी प्रतीक का उपयोग न करें। उसे आगामी चुनावों के लिए दिए गए तुरही प्रतीक का इस्तेमाल करने के निर्देश का पालन करे।पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार गुट की याचिका पर अजीत पवार समूह से गुरुवार की सुनवाई के दौरान पूछा था कि क्या उसने शरद पवार के नाम और राकांपा की घड़ी चिह्न के उपयोग करते हुए यह उद्घोषणा करने के साथ अदालती आदेश का पालन किया था कि इसका आवंटन न्यायालय के विचाराधीन है।

## शार्ट न्यूज

### सिपाहीजला जिले में झड़प, एक की मौत

अगरतला। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले के सोनामुरा के एनसी नगर सीमा चौकी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान और ग्रामीणों के एक समूह के बीच झड़प में एक संदिग्ध तस्कर गोली लगने से मारा गया है और एक अन्य घायल हो गया है। मृतक की पहचान भारत-बंगलादेश सीमा पर सुनामुरा के दुर्गानगर इलाके के साहिद मिया(45) के रुप में हुयी है। घायल काबिल मिया को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए इलाके में अतिरिक्त तैनाती की है। हालांकि, ग्रामीणों ने अज्ञात बीएसएफ जवान के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। बीएसएफ ने कहा कि साहिद के नेतृत्व में लोगों का एक समूह बुधवार रात अंधेरे में बंगलादेश में तस्करी गतिविधियों में लगा हुआ था और उनका एक जवान विशेष स्थान पर सीमा पर ड्यूटी पर अकेला था। जब जवान ने उनसे कांटेदार तार की बाड़ की ओर आगे बढ़ने से रोका, तो ग्रामीणों ने उन पर हमला करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, आत्मरक्षा में, बीएसएफ के जवान ने गोली चला दी जो साहिद के शरीर के ऊपरी हिस्से में लगी और वह गिर गया।

### कर्नाटक में 20 घंटे के बचाव अभियान के बाद बोरवेल से सकुशल निकला बच्चा

विजयपुरा। कर्नाटक में विजयपुरा जिले के लच्याना गांव में 16 फुट गहरे बोरवेल में गिरे दो साल के बच्चे को 20 घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद गुरुवार को यहां सही सलामत निकाल लिया गया। सूत्रों ने बताया कि चुनौतियों के बावजूद बचाव अभियान के प्रयास सफल रहे और बच्चे सात्विक सतीश मुजागोंड को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बचाव अभियान के दौरान बच्चे के रोने की आवाज से निश्चित रूप से सभी को चिंता हुई होगी, लेकिन अंततः उसके परिवार के साथ मिल जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और प्रसन्नता जतायी। बचावकर्मियों ने बोरवेल में फंसे हुए बच्चे तक पहुंचने के लिए रात भर एक समानांतर गड्ढा खोदने का प्रयास किया। पथरीली मिट्टी और बड़ी चट्टान जैसी चुनौतियों के कारण इस कार्य में बाधा उत्पन्न हुई, लेकिन आखिरकार सफलता मिल गयी। उन्होंने बताया कि सात्विक बुधवार शाम अपने माता-पिता के खेत में खेलते समय बोरवेल में गिर गया। वह जब बोरवेल में फंसा था तो उसकी ऑक्सीजन आपूर्ति बनाये रखने के लिए ऑक्सीजन पाइप लगाये गये थे ताकि बचाव अभियान के दौरान उसे सांस लेने में दिक्कत नहीं हो। इसके अतिरिक्त, बच्चे तक पहुंचने का रास्ता बनाने के लिए एक समानांतर गड्ढ़ा खोदा गया।

### बंगाल के अपोलो अस्पताल ने स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर रिपोर्ट जारी की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के अपोलो अस्पताल ने अपनी प्रमुख वार्षिक रिपोर्ट हेल्थ ऑफ नेशन के नवीनतम संस्करण का अनावरण किया, जिसमें विकासशील भारत के लिए स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डाला गया है। इस रिपोर्ट में भारत में कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों सहित गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है, जो देश के समग्र स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। अस्पताल द्वारा जारी एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्री-डायबिटीज, प्री-हाइपरटेंशन और कम उम्र में मानसिक स्वास्थ्य विकारों के कारण ऐसी बीमारियों में वृद्धि हो सकती है।वैश्विक दरों की तुलना में भारत में कैंसर की बढ़ती घटना विशेष रूप से चिंताजनक है, जिससे भारत दुनिया की कैंसर की राजधानी बन गया है। रिपोर्ट रक्तचाप (बीपी) और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के स्तर को कम करने में उनकी भूमिका को रेखांकित करती है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। अपोलो के डेटा से पता चलता है कि जहां भारत में स्वास्थ्य जांच की पहुंच बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है, वहीं लोग पहले की तुलना में आज अधिक व्यापक स्वास्थ्य जांच का विकल्प चुन रहे हैं।

### हमने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद किए, इसलिए बागियों को तकलीफ हुई: सुक्खू

कुटलैहड। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को चुनावी शंखनाद करते हुए कहा कि हमने 14 महीने के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद किये, इसलिए बागियों को तकलीफ हुई। सुक्खू ने कहा कि जिस दिन कांग्रेस सरकार का दूसरा बजट पेश होना था, उससे एक दिन पहले राज्यसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई। उन्होंने कहा कि उसमें कांग्रेस के छह बागी विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। उसके बाद कंडाघाट के एक होटल में कुछ देर रुके और फिर पंचकूला और चंडीगढ़ के होटलों में रुके। गत 28 फरवरी को जब बजट पारित होना था और विधानसभा में हाजिरी लगाई और बजट पर वोटिंग के समय गैरहाजिर रहे। उन्होंने बागी विधायकों पर हमला बोलते हुए कहा कि बागियों ने यह भी नहीं सोचा कि जिस बजट का विरोध कर वह सरकार गिराना चाहते हैं, उसमें जनहित की योजनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह देने का निर्णय ले चुकी है। यह ताउम्र मिलेंगे, इन्हें कोई नहीं रोक सकता। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर महिलाओं के पैसे को रुकवाने के लिए जितना मर्जी जोर लगा लें, यह मिलकर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ में काफी काम किया है।

### भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा इसी संसदीय क्षेत्र से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

पटना। कांग्रेस के दिग्गज नेता और भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा इसी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों में तालमेल के तहत कांग्रेस नौ सीट पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस किशनगंज, कटिहार, पश्चिम चंपारण, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु), पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज सीट से चुनाव लड़ेगी। भागलपुर संसदीय सीट से कांग्रेस ने भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा को चुनावी रणभूमि में उतारा है। अजीत शर्मा ने 2014 में हुये उपचुनाव, 2015 और 2020 में हुये बिहार विधानसभा चुनाव में भागलपुर से जीत हासिल की है। चर्चा थी कि कांग्रेस भागलपुर संसदीय सीट से अजीत शर्मा की पुत्री बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा को मौका दे सकती है लेकिन कांग्रेस ने अजीत शर्मा पर भरोसा जताते हुये उन्हें उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा चुनाव 2019 में भागलपुर सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रत्याशी अजय कुमार मंडल ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार शैलेश कुमार मंडल उर्फ बुलो मंडल को पराजित किया।

### भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सजग है सरकार

नयी दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को कहा कि रोज़गार के लिए इज़रायल जाने वाले भारतीय कामगारों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए वह इज़रायल सरकार के साथ संपर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, जी2जी (सरकारों के बीच) समझौते के तहत भारतीय कामगारों का पहला जत्था इज़रायल गया है। हमारे लिए, उनकी सुरक्षा एवं कल्याण महत्वपूर्ण है। हमने इज़रायली अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे उनकी देखभाल के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। एक अन्य सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय कामगारों का पहला जत्था कर्मचारी मोबिलिटी समझौते के तहत इज़रायल गए हैं, जिस पर हमने इज़रायली सरकार के साथ हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता हमास के साथ संघर्ष शुरू होने से पहले का है। उन्होंने कहा, हालांकि हम उनकी सुरक्षा के प्रति सचेत हैं। हमने इजरायली अधिकारियों से उनकी सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। ताईवान में आए भूकंप में लापता भारतीय नागरिकों के बारे में पूछने पर प्रवक्ता ने कहा, हम दो भारतीयों से संपर्क साधने में कामयाब रहे हैं जिनसे पहले संपर्क नहीं हो पा रहा था। दोनों भारतीय सकुशल हैं। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने पर श्री जायसवाल ने कहा, हमने इस मुद्दे पर बार-बार बात की है। हमने पिछले कुछ हफ्तों में कुछ बयान भी दिए हैं।

# गौतमबुद्धनगर में भाजपा कैंडिडेट सबसे अमीर

## महेश की संपत्ति 5 साल में 35.95 करोड़ बढ़ी; बसपा प्रत्याशी से ज्यादा उनकी पत्नी कमा रहीं

नोएडा। गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भाजपा, सपा-कांग्रेस और बसपा, तीनों प्रत्याशियों ने नामांकन कर दिया है। दाखिल शपथपत्र की जांच में सामने आया कि तीनों ही उम्मीदवार करोड़पति हैं।83.82 करोड़ नेटवर्थ के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा सबसे अमीर हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर की कुल संपत्ति 8.76 करोड़ है। बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी की संपत्ति करीब 8.83 करोड़ है।




### महेश की संपत्ति 5 साल में 35.95 करोड़ बढ़ी

भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा और उनकी पत्नी डॉ. उमा शर्मा के पास करीब 83.82 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति हैं। इसमें से डॉ. महेश शर्मा के पास चल-अचल संपत्ति करीब 58.68 करोड़ रुपए है, जबकि उनकी पत्नी के नाम 25.14 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। 2019 में दंपती के पास 47.87 करोड़ रुपए संपत्ति थी। वहीं 2014 में 44.49 करोड़ रुपए थी।

नामांकन में दिए ब्योरे में भाजपा प्रत्याशी और उनकी पत्नी के पास 3 गाड़ियां बताई गई हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के नाम टोयोटा फारचूनर कार है। जिसकी कीमत 40 लाख रुपए है। पत्नी के नाम टोयोटा इनोवा और मारुति जिप्सी आदि हैं। इनकी कीमत 30.77 लाख रुपए है। कुल कीमत करीब 70.77 लाख रुपए हैं।

### बसपा प्रत्याशी खुद सालाना 3.46 लाख, जबकि पत्नी 12.60 लाख कमा रहीं

बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी की कुल संपत्ति 8.83 करोड़ रुपए है। इसमें इनकी स्वयं की संपत्ति 5.78 करोड़ और पत्नी 3.05 करोड़ है। बसपा प्रत्याशी की आय का एक मात्र साधन पेंशन है। जिसके जरिए इनकी वार्षिक आय 3.46 लाख जबकि पत्नी की वार्षिक आय 12.60 लाख है। राजेंद्र सोलंकी की अचल संपत्ति 5.44 करोड जबकि पत्नी के पास 3 करोड़ की अचल संपत्ति है। इन दोनों के पास कोई जेवरात नहीं है। केवल एक कार है। बसपा प्रत्याशी एमए पास है। उनका कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

### सपा प्रत्याशी पर 19 लाख का कर्जा

डॉ. महेन्द्र नागर के पास कुल संपत्ति 8.76 करोड़ की है। इसमें डॉक्टर महेंद्र नागर की स्वयं की संपत्ति 3.81 करोड़ है, जिसमें मोटरयान, जेवरात, एलआईसी पॉलिसी, शेयर, बैंक खाता में जमा और नगदी शामिल है। महेन्द्र नागर के ऊपर बैंक से 19 लाख रुपए का बकाया ऋण है। स्थायी संपत्ति यानी अचल 2 करोड़ 53 लाख 50 हजार रुपए आकी गयी है। महेन्द्र नागर की पत्नी पुष्पा नागर की चल संपत्ति 63 लाख 1 हजार 644 है। इनकी अचल संपत्ति 1 करोड़ 79 लाख, स्वत: से अर्जित की गयी संपत्ति में 10 लाख रुपए आकी गयी है।

# पति को पिटता देख पत्नी ने युवक को पीटा

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में बुधवार शाम कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक दंपती के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। इस दौरान पति को बचाने के लिए महिला ने आरोपी युवक को चप्पल से जमकर पीटा। हंगामा होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में कार्रवाई की है।

इस घटना का वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसीपी प्रवीण कुमार ने बताया कि कार खड़ी करने को लेकर दंपती से मारपीट की घटना हुई थी। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

हरियाणा के पानीपत की रहने वाले अमित बजाज बुधवार शाम पत्नी निवेदिता बजाज के साथ सेक्टर 18 की सावित्री मार्केट पहुंचे थे। इस दौरान कार पार्किंग को लेकर उनका पार्किंग कर्मी से विवाद हो गया।

आरोप है कि दंपती ने बाजार में सड़क किनारे कार खड़ी की थी। इसी दौरान मार्केट में काम करने वाले अरुण चौधरी ने कार पार्क करने का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

आरोप है कि अरुण चौधरी ने अमित बजाज को पीटना शुरू कर दिया। पति को पिटता देख पहुंची महिला ने विरोध किया और आरोपी को चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट देख लोग एकत्र हो गए। वहीं खड़े लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पर वायरल कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई।

# ठग ने छात्रा की गिरफ्तारी का भय दिखाकर पिता से रुपये मांगे

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने छात्रा की गिरफ्तारी का भय दिखाकर एक पिता से रुपये मांगे। संदेह होने पर पीड़ित ने अपनी बेटी से बात की तो उनको सच्चाई का पता चल गया। उन्होंने इसको लेकर साइबर सेल में शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी कृष्ण कुमार यादव ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार सुबह उनके मोबाइल नंबर पर व्हाटसऐप कॉल आई। फोन करने वाले ने अपना नाम पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण बताया। उसने कहा कि उनकी बेटी सेक्टर-125 स्थित यूनिवर्सिटी में पढ़ रही है, जो उसकी गिरफ्त में है। वह किसी आपराधिक कार्य में लिप्त पाई गई है। यदि उनको अपनी बेटी सुरक्षित चाहिए हैं तो आकर संपर्क करें। तुम्हारी बेटी ने 40 लाख रुपये का जीएसटी फ्रॉड किया है। तुरंत रुपये दो नहीं तो बेटी से हाथ धो बैठोगे। आरोपी ने उनकी बात लड़की से कराई गई। आवाज सुनकर उन्हें शक हो गया। उन्होंने तुरंत फोन काटकर अपनी बेटी को फोन किया। उनकी बेटी यूनिवर्सिटी में बिलकुल ठीकठाक थी।

# आवंटन पत्र जारी करें या नहीं, आयोग से मांगी अनुमति

## नोएडा में 376 आवासी भूखंड में 320 को मिलना है आवंटन पत्र

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना के सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी करने के लिए चुनाव आयोग से मंजूरी मांगी गई है। इसके लिए प्राधिकरण ने प्रमुख सचिव औद्योगिक को पत्र भेज दिया है। वहां से आज पत्र चुनाव आयोग को भेज दिया जाएगा।




प्राधिकरण ने इस साल जनवरी में 376 आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इनका आवंटन ई-बोली के जरिए किया गया। बोली के अंतिम दिन ही लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गई और सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी नहीं किए गए।

प्राधिकरण के आवासीय भूखंड विभाग ने विधि विभाग से राय ली। राय लेने पर तय हुआ कि इसकी मंजूरी चुनाव आयोग से लेनी होगी। अगर अनुमति मिल जाती है तो 320 सफल आवंटियों को आवंटन पत्र मिलेगा। नोएडा प्राधिकरण के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम ने शासन को पत्र लिखकर आयोग से अनुमति मांगी है।

बता दें कि पिछले दिनों नोएडा प्राधिकरण ने 376 आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इसके लिए आवेदन करने वालों ने 16 मार्च तक ऑनलाइन बोली लगाई, लेकिन उसी दिन निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई। इसलिए पात्र 360 आवंटियों को प्राधिकरण आवासीय भूखंड विभाग आवंटन पत्र जारी नहीं कर सका। इन 360 आवंटियों में 40 आवंटी ऐसे हैं, जिन्होंने अप्रत्याशित बोली लगाई है। जिनकी ईएमडी जब्त होनी है।

आवासीय भूखंड योजना में 11 आवंटी ऐसे हैं, जिन्होंने योजना का लाभ लेकर आवेदन तो किया, लेकिन वह सिंगल बिडर ही रहे। इसलिए प्राधिकरण को दोबारा योजना को सात-सात दिन के आगे भी बढ़ाना पड़ा, इसके बावजूद 11 आवंटियों ने आनलाइन बोली में हिस्सा नहीं लिया।

## गौतम बुद्धनगर विकास समिति ने की पहल

# पैदल पुल बनाने की मांग : आबादी को देखते हुए बताया जरूरी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भीड़ भाड़ एवं आबादी को देखते हुए गौतम बुद्ध नगर विकास समिति ने स्थानों को चिह्नित कर पैदल पुल की स्थापना के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को गौतम बुद्धनगर विकास समिति के सदस्यों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों की सुरक्षा और कल्याण से दृष्टिकोण से ग्रेनों में विभिन्न स्थानों में पैदल पुल की आवश्यकता को लेकर सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नाम ज्ञापन एसीओ अन्नपूर्णा गर्ग को सौंपा। समिति की अध्यक्ष रश्मि पांडेय ने



बताया कि पिछले कुछ वर्षों में, ग्रेटर नोएडा में तेजी से शहरीकरण और आबादी में वृद्धि हुई है, जिससे सड़कों पर बढ़ते वाहन यातायात और भीड़ में इज़ाफ़ा हुआ है। दुर्भाग्यवश, मौजूदा समय में पैदल यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने में साधान पर्याप्त नहीं है, जिससे व्यस्त चौराहों और उच्च यातायात क्षेत्रों में दुर्घटना संभावित क्षेत्र बढ़ रहे हैं और निवासी असुविधा का सामना कर रहे हैं।

समिति के सचिव अनूप कुमार सोनी (ग्रेटर नोएडा वेस्ट) ने बताया कि हमने कई बार अधिकारियो को इस विषय में अवगत कराया है और ग्रेटर नोएडा पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है, किंतु कोई निष्कर्ष नहीं निकला, इसलिए हमने स्न्हक्ककी आवश्यकता वाले स्थानों को चिह्नित कर इस ज्ञापन के ज़रिए सुझाव दिया है। ये पुल न केवल पैदल यातायात की सुरक्षा को बढ़ावा देंगे, बल्कि शहर की संपूर्ण यातायात क्षमता, पैदल चलने वाले लोगो एवं जाम जैसी समस्या को भी सुधारेंगे।

गौतम बुद्ध नगर विकास समिति द्वारा चिन्हित स्थान गौर सिटी व पाम ओलंपिया के मध्य, सुपरटेक और निराला ग्रीनशायर के मध्य, शाहबेरी कट के पास, ऐस सिटी व स्टेलर जीवन के पास बनाने का प्रस्ताव रखना है।

# महिला की अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**नोएडा।** सेक्टर 128 क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने एक युवक पर उसके साथ छेड़छाड़ करने और उसकी अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उनको ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर महिला ने सेक्टर 126 थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने बताया कि उनके गांव के रहने वाले अतुल नाम के युवक से फोन पर उनकी बात होती थी। वह सरिता विहार दिल्ली में रहता है। उन्होंने बताया कि वह उनके घर कभी - कभी खाने पर आता था। पीड़िता ने बताया कि एक दिन उनके पति ड्यूटी पर चले गए थे। इस दौरान आरोपी ने मौका देखते ही उनके साथ छेड़छाड़ किया। इस दौरान आरोपी ने फोन में उनकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद से आरोपी युवक उनके अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मेल कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि जिससे परेशान होकर उन्होंने अपना कमरा बदल दिया। लेकिन इसके बाद भी आरोपी उनकी तलाश करता हुआ उनके घर पर आ गया।

# दुबई के मिरेकल गार्डन की तर्ज पर नोएडा में बनेंगे पार्क

नोएडा। दुबई की मशहूर मिरेकल गार्डन की तर्ज पर नोएडा में भी पार्क बनाए जाने की तैयारी है। इसके अलावा डियर पार्क समेत देश विदेश के अन्य शहरों की तरह थीम आधारित पार्क बनाने की कवायद की जा रही है। इसका मकसद लोगों को नोएडा से जोड़ना है। हालांकि इसके लिए जारी बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। इस बाबत जल्द काम शुरू होने के आसार हैं। दरअसल, नोएडा को बेहतरीन शहर बनाने की दिशा में प्राधिकरण लगाताया प्रयास कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू किए गए वेदवन पार्क की सफलता के बाद प्राधिकरण के हौसले बुलंद हैं। प्राधिकरण ऐसे पार्क और गार्डन विकसित करना चाहता है जिसे देखने दूर-दूर से लोग आएं। इसी कड़ी में अधिकारियों ने दुबई के मिरेकल गार्डन की तर्ज पर पार्क बनाने के लिए मंथन शुरू किया है।

इसी कड़ी में शहर के एक पार्क को डियर पार्क के तौर पर विकसित करने के लिए बातचीत हुई है। यहां किसी चिड़ियाघर से हिरणों को लाकर रखने की योजना है। इसके लिए शहर के बड़े पार्कों का चयन किया जाएगा। इसमें बायोडायवर्सिटी पार्क समेत दूसरे पार्क शामिल हैं। हिरणों को लाकर रखने से यहां लोग परिवार के साथ इसे देखने के लिए आएंगे।

इसी तरह से यहां दुबई के मिरेकल गार्डन की तर्ज पर किसी पार्क को विकसित करने का सुझाव भी आया। हालांकि मिरेकल गार्डन दुनिया का एक अतिविशिष्ट पार्क है, जिसे देखने के लिए दुनिया भर से लोग आते हैं। वहां करोड़ों फूल, तितलियां, अलग-अलग अंदाज में फूलों व पौधों से डेकोरेशन किया गया है।

# प्राधिकरण ने 25 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

## दो खसरा के 10 हजार वर्गमीटर जमीन पर बने थे कमरे और बाउंड्री

नोएडा। लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर आचार संहिता लगी है। इसका फायदा यहां भू माफिया उठाने का प्रयास कर रहे थे। नोएडा में भी अवैध निर्माण किया जा रहा था।

जानकारी मिलते ही प्राधिकरण ने मुआयना किया इसके बाद गुरुवार दोपहर को जेसीबी के जरिए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस दौरान करीब 10 हजार वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। इस जमीन की कीमत करीब 25 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

जमीन पर कलोनाइज़र द्वारा अवैध रूप ये प्लाटिंग कराई जा रही थी। इसके अलावा अवैध निर्माण और कमरे तक बने हुए थे। जिनको जेसीबी के जरिए ध्वस्त किया गया।

प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी और डीजीएम सिविल ने



बुधवार को सेक्टर-164 और 163 का निरीक्षण किया था। इस दौरान मोहियापुर स्थित खसरा नंबर 51 और 203 पर अवैध निर्माण देखा गया। नियोजन विभाग से जमीन को चेक कराया गया।

ये जमीन मास्टर प्लान-2031 के अनुसार नियोजित थी। ऐसे में एसीईओ ने इस अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश दिए। जिसके बाद गुरुवार को प्राधिकरण और स्थानीय थाने की पुलिस के साथ करीब 50 कर्मचारी और जेसीबी की मदद से यहां बने अवैध कमरों को ध्वस्त किया।

इसके बाद दोनों प्लाट पर की जा रही चारदिवारी को हटाया गया। साथ प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में लोग शांत रहे। प्राधिकरण एसीईओ संजय खत्री ने स्पष्ट कहा कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तत्काल ध्वस्त किया जाएगा।

शहर वासियों से अपील है कि इस तरह बिना प्राधिकरण से चेक कराए और लुभावने विज्ञापन के चक्कर में फंसकर अपनी जीवन भर की कमाई मत गवाएं। जिन लोगों ने अवैध निर्माण किया था उनके खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज की जा रही है।

### सेक्टर-40-41 में फ्लैट के बाहर अवैध निर्माण हटाया

वहीं वर्क सर्किल-3 में सेक्टर-40 और 41 की बाजार के आस-पास प्राधिकरण के फ्लैटों के बाहर अवैध निर्माण कर लिया गया था। ये निर्माण फ्लैट आवंटियों ने ही किया था। इनको नोटिस जारी किया गया था। लेकिन इन्होंने अवैध निर्माण नहीं हटाया। प्राधिकरण की टीम ने यहां करीब आधा दर्जन फ्लैटों के बाहर बने छज्जा, कमरे और अन्य निर्माण को ध्वस्त किया साथ ही चेतावनी भी दी।

# श्रीनगर, अनंतनाग-राजौरी सीटों पर 'अपनी पार्टी' के उम्मीदवार घोषित

श्रीनगर। श्री अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व वाली 'अपनी पार्टी' ने गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र से श्री मोहम्मद अशरफ मीर और अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से श्री जफर इकबाल मन्हास को मैदान में उतारने की घोषणा की। पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद दिलवर मीर ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दोनों उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। उन्होंने कहा, जहां तक अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र का सवाल है, अपनी पार्टी ने वहां से श्री मन्हास और श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र से श्री मीर को मैदान में उतारने का फैसला किया है। यह पूछे जाने पर कि बारामूला संसदीय सीट से पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा, तो इसके जवाब में श्री मीर ने कहा कि यह बाद में तय किया जाएगा। उन्होंने कहा, बारामूला लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार की घोषणा का निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा।

तीसरे मोर्चे के गठन की अटकलों और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद द्वारा दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर, श्री मीर ने कहा, जहाँ तक आज़ाद साहब के बयान का सवाल है, प्रयास किये गये थे और आपसी समन्वय था कि दोनों पार्टियां आगामी चुनाव एक साथ लड़ेंगी।

उन्होंने कहा कि अब ऐसा नहीं हो सकता, क्योंकि श्री आजाद ने अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट के लिए अपने नाम की अलग से घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए, श्री मीर ने कहा कि वे लंबे समय से ए, बी और सी टीम के बारे में सूचीबद्ध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आप उन लोगों से क्यों नहीं पूछते जो हम पर आरोप लगा रहे हैं कि वे किस टीम का हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा, आप पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) से क्यों नहीं पूछते और नेशनल कॉन्फ्रेंस से क्यों नहीं पूछते..वे कहां हैं..वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हैं और भाजपा का हिस्सा हैं..वे हम पर आरोप कैसे लगा सकते हैं।

### कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश

श्रीनगर। कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में बुधवार को हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आयी और सामान्य गतिविधियां बाधित हुयीं। मौसम विभाग के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में दिन के दौरान रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और तापमान में गिरावट आई। रिपोर्ट लिखे जाने तक कई जगहों पर बारिश हो रही थी। श्रीनगर में डल झील के किनारे बुलेवार्ड रोड पर पर्यटकों को गर्म कपड़ों और रेन जैकेट में देखा गया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में छिटपुट जगहों से लेकर विभिन्न इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना व्यक्त की। मौसम विभाग ने कहा कि बुधवार को मौसम आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और शाम के समय कई स्थानों पर हल्की बारिश/बर्फबारी और गरज के साथ बिजली चमकेगी। वहीं चार अप्रैल को मौसम शुष्क रहेगा। पांच अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने के आसार हैं। इसके बाद छह से 10 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा। खराब मौसम को देखते हुए किसानों को तीन से पांच अप्रैल तक कृषि कार्य रोकने की सलाह दी गई है।

# केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की दूसरी याचिका भी खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली दूसरी जनहित याचिका भी गुरुवार को खारिज कर दी।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने %हिंदू सेना% के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया कि यह उपराज्यपाल या राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है?।

न्यायालय ने हालांकि टिप्पणी की कि यह मुख्यमंत्री पर निर्भर करता है कि उन्हें अपने पद पर रहना चाहिए या नहीं। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा, कभी-कभी व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन होना पड़ता है, लेकिन यह उनका (केजरीवाल का) व्यक्तिगत फैसला है।

पीठ ने कहा वह सिर्फ इतना कह सकती है कि इस मुद्दे पर वह फैसला नहीं कर सकती और इस मामले में पर फैसला लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है।

न्यायालय ने आगे कहा, हम यह कैसे घोषित कर सकते हैं कि सरकार काम नहीं कर रही है? उपराज्यपाल इस पर निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्हें (उपराज्यपाल ) हमारे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें जो भी करना होगा वह कानून के अनुसार करेंगे।

अदालत के इस रुख पर याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने की गुहार लगाई गई, जिसे




मंजूर कर लिया गया। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह अब उपराज्यपाल के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे।

इससे पहले 28 मार्च को उच्च न्यायालय की इसी पीठ ने अपने को किसान और सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले दिल्ली निवासी सुजीत सिंह यादव की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी थी कि इस मुद्दे की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति का काम है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। श्री यादव ने याचिका में दावा किया था कि वित्तीय घोटाले के आरोपी केजरीवाल को मुख्यमंत्री जैसे सार्वजनिक पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। केजरीवाल को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। एक अप्रैल से विरोध अदालत ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। ईडी ने श्री केजरीवाल पर दिल्ली शराब नीति 2021-2022 (विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने के लिए मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है?। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 21 मार्च 2024 को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनसे पहले 15 मार्च को भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को गिरफ्तार किया था। दोनों न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए 'साजिश' रची थी।

गौरतलब है कि इस मामले में आप सांसद संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को राहत दी। शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत की अनुमति दी थी और विशेष अदालत से उसकी शर्ते तय करने का निर्देश दिया था।

इस आदेश के मद्देनजर राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत ने चार अप्रैल को सशर्त तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश पारित किया था। इसके बाद वह गुरुवार रात में ही रिहा कर दिए गए।

# शार्ट न्यूज

## शिक्षा एवं पत्रकारिता के पुरोधा साहित्यकार स्वर्गीय श्री माखनलाल चतुर्वेदी को उनकी 135वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में आज हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, लेखक, पत्रकार एवं शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी को उनकी 135वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री दयानंद वत्स ने कहा कि स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी हिंदी साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता के पुरोधा साहित्यकार, कवि, लेखक, शिक्षक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। प्रभा, कर्मवीर का उन्होंने संपादन किया। हिमतरंगिणी के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पुष्प की अभिलाषा नामक उनकी कविता आज भी भारतीय जनमानस में रची बसी है। वत्स ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी भारत के राष्ट्रीय गौरव की जीवंत प्रतिमूर्ति थे।

## बच्ची को पीटने वाले मौसा-मौसी गिरफ्तार

**दनकौर ( संवाद )।** चार साल की बच्ची पर अत्याचार करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को ओमकार भाटी और उसकी पत्नी लक्ष्मी को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपी दंपती बच्ची के मौसा-मौसी हैं। पुलिस के मुताबिक, कोरोना काल में बच्ची के पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद बच्ची को आरोपी दंपती के पास छोड़कर उसकी मां किसी युवक के साथ चली गई। तब से बच्ची दनकौर कस्बे में मौसा-मौसी के पास रह रही थी। आरोपी पति-पत्नी मासूम से घर का काम कराते थे। काम नहीं कर पाने पर उसकी पिटाई करते थे। जनवरी में दंपती ने बच्ची को इतना पीटा कि उसकी आंख समेत शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट आई थी। जानकारी होने पर पुलिस ने बच्ची को चाइल्ड लाइन केयर सेंटर भेज दिया था। वहीं, घटना के बाद से फरार आरोपी पति-पत्नी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि मासूम बच्ची को यातनाएं देने के आरोप में दोनों पर केस दर्ज किया गया था।

## मुख्यमंत्री ने जेल से विधायकों को भेजा संदेश

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को जेल से आप विधायकों के लिए संदेश भेजा। उन्होंने पत्नी सुनीता केजरीवाल से वीडियो कांफ्रेंसिंग से बात की। इसमें मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपील की कि वे लोगों के काम करें। सीएम से बात करने के बाद सुनीता मीडिया के समक्ष आईं। सुनीता के मुताबिक, सीएम ने कहा है कि लोगों को किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। हर विधायक रोजाना इलाकों का दौरा करें। लोगों से पूछकर मौके पर ही समस्याओं का तत्काल समाधान करें। सुनीता ने कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोगों को सीएम अपना परिवार मानते हैं। सेहत खराब होने के बावजूद वे जनता की समस्याओं को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। विधायकों को खूब काम करना है, ताकि लोगों को किसी तरह की समस्या न हो। वहीं, मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री जेल में होकर भी दिल्लीवालों के लिए फिक्रमंद हैं, जबकि खुद उनकी ही सेहत खराब है।

## डाक मतपत्र से मतदान करेंगे 12 विभागों के कर्मचारी

ग्रेटर नोएडा। विद्युत, रेलवे, एंबुलेंस चालक, डाकिया समेत 12 आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए डाक मत की सुविधा मिलेगी। विभाग के अध्यक्ष ऐसे कर्मियों के फार्म भरवाएंगे। चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों से फार्म 12 डी भरवाए जा रहे हैं। वहीं, विभागों से फार्म आ रहे हैं। उनको चिह्नित करने का काम चल रहा है। जिले में आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों का डाक मतपत्र से मतदान को लेकर संबंधी फार्म भरवाने का काम चल रहा है। चुनाव डयूटी में लगे कर्मचारियों की सुविधा के लिए तीन स्टाल लगाए गए हैं। दादरी, नोएडा और जेवर विधानसभा क्षेत्र के कर्मचारियों को मत देने की सुविधा मिलेगी। इनमें सूचना, स्वास्थ्य, डाक, यातायात पुलिस, रेलवे, विद्युत, नागरिक उड्डयन, मेट्रो, रेडियो, बीएसएनएल समेत सेवाएं शामिल हैं। मतदान दिवस की कवरेज के लिए आयोग से अधिकृत मीडिया कर्मियों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। इन्हें फार्म 12 डी भरकर नोडल अधिकारी से सत्यापित कराना होगा। डाक पत्र के लिए मुख्य डाकघर में अलग से काउंटर बनाया गया है। इसके माध्यम से जनपद में आने वाले सभी डाक पत्रों को एकत्र किया जाएगा। डाक मतपत्र से मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम शामिल होना चाहिए।

## किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



लोनी। बॉर्डर थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी में पड़ोसी ने घर में घुसकर एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। मां जब घर पहुंची तो इस बात की जानकारी हुई। मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में 15 वर्षीय किशोरी अपनी मां और छोटे भाई के साथ रहती है। किशोरी के पिता का कुछ समय पहले देहांत हो गया था। किशोरी की मां आसपास घरों में सफाई का काम करती है। बुधवार दोपहर आरोपी पड़ोसी किशोरी को अकेला पाकर घर में घुस गया। किशोरी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। घटना के दौरान किशोरी का छोटा भाई बाहर खेल रहा था। किशोरी की मां जब घर पहुंची तो उसे इस घटना के बारे में पता चला। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सहपाठी ने घर में घुसकर छात्रा को पीटा

खोड़ा। थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सहपाठी ने घर में घुसकर छात्रा पर हमला कर दिया। बुरी तरह पीटने से छात्रा घायल हो गई। बुधवार को उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद पुलिस को शिकायत मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों का आरोप है कि छात्रा की कक्षा में पढ़ने वाला युवक कई दिनों से परेशान कर रहा था। सोमवार को छात्रा को रास्ते में रोका तो उसने विरोध कर दिया। इसके बाद छात्रा घर आ गई। कुछ देर बाद उसने छात्रा के घर में घुसकर हमला कर दिया। लात और घूंसों से उसे बुरी तरह पीटकर भाग गया। छात्रा का मुंह सूज गया है आंखों पर सूजन आ गईं। बुधवार को तबीयत बिगड़ने पर छात्रा को डॉक्टर के पास ले गए। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाया है। मामले की जांच कर रहे हैं।

## कई महिलाओं के साथ लाखों की ठगी

मसूरी। महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम कर महिलाओं, युवतियों और किशोरियों को कंप्यूटर, सिलाई समेत अन्य प्रशिक्षण देने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने फर्जी संस्था के नाम पर नौ गांव की कई महिलाओं को प्रशिक्षण देने और सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया और पंजीकरण के नाम पर रसीद कटवाकर रुपये ऐंठ लिए। मामले में भूड़गढ़ी की रहने वाली विलम नाम की महिला ने आरती और एके शर्मा के खिलाफ मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विलम ने बताया कि भूडगढ़ी, कल्लूगढ़ी समेत नौ गांव की महिलाओं के साथ यह धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि एके शर्मा ने पहले खुद को एक दीप महिला सेवा प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत करने के बारे में बताया। इसी बीच महिलाओं को प्रोफेसर, सहायक, सुपरवाइजर समेत अन्य पदों पर सरकारी नौकरी का झांसा देकर तीन हजार रुपये से 24 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद उसने महिलाओं से और महिलाओं को समूह से जोड़ने के लिए कहा।

# फीस वृद्धि, खराब बुनियादी ढांचा को लेकर अभाविप का विरोध प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा बढ़ाई गई फीस, खराब बुनियादी ढांचा, वाईफाई एवं शौचालय समस्या, कक्षा में सीटों का अभाव, वॉटर कूलर की समस्या, पिंक टॉयलेट, सेनेटरी वेंडिंग मशीन आदि समस्याओं के मद्देनजर कैंपस विधि सेंटर, एलसी-1 और एलसी-2 के कार्यकर्ता गुरुवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।
अभाविप ने कहा जब तक प्रशासन द्वारा बढ़ाई गई फीस को कम नहीं किया जाता और उनकी समस्याओं के निवारण हेतु एक अवधि तय नहीं की जाती, तब तक सभी कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहेंगे।
गौरतलब है कि अभाविप के विधि संकाय के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व में इन




मांगों को लेकर संकाय प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अभी तक उसपर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। साथ ही इस बार फीस वृद्धि भी की गई है। पहले विद्यार्थियों को 4900 रुपए वार्षिक शुल्क देना होता था, जिसमें परीक्षा शुल्क भी शामिल होता था, लेकिन पिछले सेमेस्टर से प्रति छात्र को 6010 रुपए वार्षिक शुल्क के अतिरिक्त 1100 रुपए परीक्षा शुल्क देना पड़ रहा है।
अभाविप दिल्ली प्रांत सह-मंत्री आशीष सिंह ने कहा कि विधि संकाय में हर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र पढ़ते हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा बढ़ाई गई फीस छात्रों के लिए समस्या उत्पन्न कर रही है। साथ ही खराब बुनियादी ढांचा, पानी की समस्या, शौचालय की जर्जर स्थिति से विद्यार्थियों को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता हैं, जिसके लिए हमने पूर्व में भी विधि संकाय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। अंतत- हमें मजबूरन अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का निर्णय लेना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक हम धरने पर बैठे रहेंगे।

## दिल्लीवासियों को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने उनका जेल से भेजा हुआ संदेश पढ़कर सुनाया। सुनीता ने जेल से भेजा गया पत्र पढ़ते हुए कहा कि आपके केजरीवाल ने जेल से सभी विधायकों के लिए संदेश भेजा। सुनीता ने बताया कि सीएम केजरीवाल ने कहा, मैं जेल में हूं इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। सभी विधायक हर दिन अपनी विधानसभा में जाएं और इलाकों का दौरा करें। लोगों की समस्याओं का हल करें। मैं केवल सरकारी विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की बात नहीं कर रहा, हमें लोगों की बाकी समस्याएं भी दूर करनी हैं। दिल्ली की दो करोड़ जनता मेरा परिवार है। उन्होंने कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# जेल में केजरीवाल से मिल सकेंगे भगवंत मान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की इजाजत दे दी है। इससे पहले तिहाड़ जेल को पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिट्ठी लिख मिलने की अनुमति मांगी थी। इस पर जेल प्रशासन ने उन्हें मुलाकात जंगला के तहत सामान्य मुलाकात की अनुमति दे दी है।
बता दें कि केजरीवाल कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में हिरासत में रखे गए हैं। जेल प्रशासन ने पंजाब सीएम को मुलाकात की अनुमति देते हुए कहा कि वह एक सामान्य मुलाकाती की तरह केजरीवाल से मिल सकते हैं। इसमें उन्हें जिस नियम के तहत मिलने की अनुमित दी गई है इसे मुलाकात जंगला बताया गया है। इसमें एक लोहे की जाली है जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी को आगंतुक से अलग करती है। एक आगंतुक और एक कैदी जाली के अलग-अलग किनारों पर बैठकर एक दूसरे से बात कर सकते हैं। पंजाब सीएमओ ने तिहाड़ जेल प्रशासन को पत्र लिख केजरीवाल से मिलने का समय मांगा था, साथ ही जेल परिसर में उनकी मुलाकात के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा था। इस पर तिहाड़ महानिदेशक संजय बैनीवाल ने कहा है कि जल्द ही पंजाब सीएमओ को इसका जवाब भेज दिया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा गया था।

# सीआईएसएफ के सिपाही ने मेट्रो स्टेशन पर की खुदकुशी

नई दिल्ली। पश्चिम विहार वेस्ट मेट्रो स्टेशन पर बृहस्पतिवार सुबह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक सिपाही ने अपने सर्विस हथियार इंसास राइफल से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त सांवरे किशोर (38) के रूप में हुई है। सिपाही के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिसकी वजह से कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिवार वालों और साथियों से पूछताछ कर खुदकुशी के कारणों की जांच में जुटी है।

मृतक सांवरे किशोर मूलत: महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के रहने वाले थे। वह परिवार के साथ नरेला स्थित सरकारी आवास में रहते थे। 2014 में बतौर सिपाही सीआईएसएफ में भर्ती हुए थे। जनवरी 2022 से उनकी तैनाती मेट्रो में थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब सात बजे नांगलोई मेट्रो स्टेशन पुलिस को पश्चिम विहार पश्चिम मेट्रो स्टेशन पर तैनात एक सीआईएसएफ के जवान की खुदकुशी की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां से कुछ साक्ष्य हासिल किए। पुलिस परिवारवालों से पूछताछ कर यह पता करने की कोशिश कर रही है कि सिपाही ने किस वजह से परेशान होकर यह कदम उठाया है।

# भाजपा प्रत्याशी ने घर -घर मांगे वोट, लोगों से की अपील

**गौतमबुद्धनगर।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व वर्तमान सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार डा. महेश शर्मा ने सिकन्दराबाद विधानसभा के लालपुर, फकाना, पितोबास, बराल स्टेशन की मढैया, छपरावत, खण्डवाडहर, बरमदनगर एवं श्यौदत्त बिजली घर, गुलावठी नगर में जन संपर्क कर सभी लोगों से हाथ जोड़कर अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।
जन संपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने कहा कि ये चुनाव देश के प्रधानमंत्री का चुनाव है। आज मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है।
मुझे खुशी है कि आज सभी वर्गो के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और देश को मोदी जी जैसे प्रधानमंत्री की जरूरत है इसलिए आप सभी से



जुगारिश है कि आने वाली 26 अप्रैल, 2024 को भाजपा के पक्ष में मतदान कर कमल खिलाने की अपील की।
पहले पांच साल में सरकार ने पिछली सरकारों के कारनामों के गड्ढें भरें है जो कांग्रेस ने छोड़ दिये थे, अगले पांच साल में 3 साल कोरोना महामारी की भेंट चढ गये और अब आने वाले अगले 5 साल में मोदी जी के नेतृत्व में देश में विकास के नये आयाम स्थापित करेगा। क्षेत्र के किसान भाइयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि खाते में एक नियत तिथि पर आ जाती है जबकि पिछली सरकारों में तो 20-30 प्रतिशत बिचौलिए खा जाते है।
यह भी बहुत बड़ा काम करने का एक तरीका है । आप सभी लोगों के आशीर्वाद से मुझे ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री के साथ 4-4 मंत्रालयों में काम करने का पूरा मौका मिला इसके लिए मैं, आप सभी का हृदय से आभारी हूं । जन संपर्क कार्यक्रम के दौरान सिकन्दराबाद विधायक श्री लक्ष्मीराज सिंह, राजेश यादव, सुनील यादव, चाहत प्रधान, जीत प्रधान, मिन्टू प्रधान, महेश प्रधान, रविन्द्र प्रधान, यशवीर प्रधान, हरिओम प्रधान, सुन्दर पाल तेवतिया, संजय भराना, सुधीर तोमर, रामभूल तोमर, विनय तोमर, आशीष तोमर, बंटी शर्मा, हरेन्द्र सिंह, सतीश शर्मा, जयभगवान त्रिवेदी, धर्मेन्द्र तेवतिया, चेयरमैन डा. प्रदीप दीक्षित, चेयरमैन शैलेष तेवतिया, देवेन्द्र तोमर, सुनील प्रधान, डा. रामपाल सिंह परिहार, अशोक बिधूड़ी, दीपक दुल्हेरा, ब्रजवीर सिंह, हिमांशु शर्मा, अरूण शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, शान्ती स्वरूप शर्मा, हरेन्द्र सिंह पंवार, पिंकी बोहरा, अरविन्द दीक्षित त्रिवेश गुप्ता समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# गाजियाबाद में ग्रेजुएट अमेज़न की पैकिंग में बेचता था गांजा

## कोरोना काल में नौकरी गई तो करने लगा गांजे की तस्करी, कॉरपोरेट ऑफिस थे सबसे बड़े ग्राहक

गाजियाबाद। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने बीबीए पास एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अमेज़न की पैकिंग में गांजा बेचता था। जिस से किसी को शक ना हो और सब उसको डिलीवरी बॉय समझा करते थे आरोपी पहले मेक माई ट्रिप में नौकरी करता था। लेकिन कोरोना काल में जब उसकी नौकरी चली गई तो उसने गांजे की तस्करी शुरू कर दी।

गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर अब्दुल सिद्दीकी ने बताया की गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने शिवम मिश्रा नाम के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि शिवम मिश्रा ने बीबीए किया हुआ है और वह पहले




मेक माई ट्रिप कंपनी में नौकरी करता था। लेकिन कोरोना काल में उसकी नौकरी छूट गई जिसके कारण उसे पैसे की किल्लत हुई। शिवम की इसी दौरान दिल्ली निवासी गांजा तस्कर बॉस्को से मुलाकात हुई। बोस्को ने शिवम को बताया कि गांजा की तस्करी और बिक्री में मोटा मुनाफा है। शिवम मिश्रा ने पहले बोस्को से छोटे पैकेट लेकर दिल्ली बॉर्डर और गाजियाबाद में सप्लाई शुरू कर दी। उसके बाद जब काम बड़ा तो उसने दिल्ली के अन्य तस्करों से भी माल लेकर सप्लाई शुरू कर दी। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि शिवम अमेजॉन की पैकिंग में पैक करके मोटरसाइकिल से गाजियाबाद दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में कॉरपोरेट ऑफिस, कॉलेज और फैक्ट्री के आसपास गांजा बेचा करता था।

शिवम 10 ग्राम की पुड़िया 800 से हजार रुपए में बेचा करता था। शिवम अमेजॉन की पैकिंग इसलिए करता था कि इसको डिलीवरी बॉय समझा जाए। पुलिस ने इसके कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 05 लाख रुपए है। पुलिस अब उन लोगों की तलाश में जुट गई है जो शिवम को गांजा तस्करी करते थे। शिवम मूल रूप से बरेली का रहने वाला है और फिलहाल घरोंदा सोसाइटी राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद में रह रहा था।

# ट्रैक्टर से खौलता हुआ तारकोल बाइक सवार किशोरों पर गिरा

**मोदीनगर।** मोदीनगर सारा मार्ग पर गोविन्दपुरी कॉलोनी में विवेक इंटर कॉलेज के सामने ट्रैक्टर के पीछे लगे कम्प्रेसर से खोलता हुआ तारकोल उछलकर बाइक सवार दो किशोरों पर जा गिरा। गंभीर हालात में किशोरों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को पजिरनों ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोदीनगर सारा मार्ग पर डेंस कारपेट सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण से पहले सड़क पर तारकोल डाला जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के पीछे लगे कम्प्रेशर में खोलता हुआ तारकोल भरा हुआ था ,जिसका छिड़काव किया जा रहा था। जब वह मोदीनगर सारा मार्ग पर गोविन्दपुरी कॉलोनी में विवेक



इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा तो अचानक ट्रैक्टर का पहिया गड्ढे में गिर गया। जिस कारण कम्प्रेशर से तारकोल उछलकर वहां से गुजर रहे बाइक सवार 17 वर्षीय फरमान व 14 वर्षीया असद निवासी गांव सारा के ऊॅपर गिर गया। तारकोल गिरते ही चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगो ने किसी तरह आग पर काबू पाया और दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों किशोर गंभीर रुप से घायल हो गए।

## हनुमान मंदिर गए संजय

**नई दिल्ली।** जमानत मिलने के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह राजनीतिक तौर पर सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को पत्नी के साथ कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हनुमान के आशीर्वाद से उन्हें जमानत मिल गई। उन्होंने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जल्द जेल से बाहर आने के लिए प्रार्थना की। इसके अलावा उन्होंने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे जेल में बंद सत्येंद्र जैन के परिवार से मिले। मीडिया से संजय सिंह ने कहा कि आप कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है जो लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का कार्य करेगा। पार्टी प्रमुख केजरीवाल के निर्देश के तहत काम किया जाएगा।

# बंबीहा गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार, 6 पिस्टल बरामद

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने पंजाब के देवेंदर बंबीहा गिरोह के हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गुरविंदर सिंह उर्फ गगन और गुरपाल सिंह उर्फ विक्की के रूप में हुई है। आरोपी मध्यप्रदेश से हथियार लाकर पंजाब, दिल्ली व हरियाणा में बेचते थे। इनके कब्जे से छह अत्याधुनिक पिस्टल बरामद की गई हैं। तस्कर मुख्य रूप से खरगांव, धार, बड़वानी और बुरहानपुर के इलाकों से हथियार लाते थे।

स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त मनोज सी के अनुसार, स्पेशल सेल की उत्तरी रेंज में तैनात इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार व इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम को पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के गैंगस्टरों को हथियार आपूर्ति करने वाले गिरोह की सूचना मिली। इसके बाद एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार व राकेश कुमार की टीम ने शेखदौलत, तहसील जगराओं, लुधियाना निवासी गुरविंदर सिंह और गुरपाल सिंह को जीटी रोड दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता लगा कि दोनों देवेंदर बंबीहा गिरोह के सदस्य हैं। गुरविंदर को स्थानीय गिरोह से संबंध रखने वाले बदमाशों ने सार्वजनिक रूप से पीटा था।

इससे अपमानित होकर वह नवंबर 2022 में गुरपाल के साथ मलयेशिया चला गया और कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने लगा। इसी बीच दोनों का संपर्क स्कूल के दोस्त जॉन से हुआ, जो देवेंदर गिरोह का सदस्य था।

# संपादकीय

## नक्सलवाद : नासूर पर नियंत्रण

नक्सलवाद भारतीय समाज और राजनीति के लिए एक बड़ा चुनौतीपूर्ण मुद्दा बन गया है। यह एक ऐसी समस्या है जो विभिन्न कारणों से समृद्ध और गरीब क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही है। नक्सलवाद का सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक रूप से भारतीय समाज को गहरे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
नक्सलवाद भारत के कई राज्यों में प्रभावशाली रूप से प्रकट हो रहा है, जैसे कि छत्तीसगढ़, जार्खंड, बिहार, ओडिशा, और महाराष्ट्र। यह एक गंभीर समस्या है जो समृद्ध और गरीब क्षेत्रों में नक्सलवादी संगठनों द्वारा उत्पन्न की जाती है। यहां एक कुछ मुख्य कारण विवेचित किए जा रहे हैं
1. सामाजिक असमानता : असमानता और अवसरों की कमी भी नक्सलवाद के लिए एक महत्वपूर्ण कारण है। गरीबी, निरक्षरता, और असमानता नक्सलवादी समूहों को नए सदस्यों को आकर्षित करते हैं। 2. शोषण और अत्याचार : कुछ क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के अत्याचार का शिकार होने के कारण, लोग नक्सलवाद के विचारों में प्रभावित होते हैं। 3. राजनीतिक निरंतरता : राजनीतिक निरंतरता और नेताओं की अधिकता भी नक्सलवाद को बढ़ावा देती है। 4. विदेशी समर्थन : कुछ नक्सलवादी समूह विदेशी देशों से वित्तीय और तकनीकी सहायता प्राप्त करते हैं, जो उन्हें अधिक शक्तिशाली बनाता है।

### नक्सलवाद के प्रभाव

नक्सलवाद का सीधा प्रभाव गरीब और समृद्ध क्षेत्रों में होता है। यहां कुछ मुख्य प्रभाव दिए जा रहे हैं :
1. विकास के अवरोध : नक्सलवाद समृद्धि और विकास को अवरोधित करता है, क्योंकि विकास के प्रोजेक्ट्स के लिए क्षेत्रों में सुरक्षा खतरे में होती है। 2. शिक्षा और स्वास्थ्य की समस्याएं : नक्सलवाद के क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी होती है, जो लोगों के विकास को प्रतिबंधित करती है। 3. आतंकवाद : नक्सलवाद समूहों का आतंकवादी गतिविधियों से सामना करना पड़ता है, जो आम नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डालता है।

### नक्सलवाद के नियंत्रण के उपाय

नक्सलवाद को नियंत्रित करने के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन यह संभव है। यहां कुछ प्रमुख उपाय दिए जा रहे हैं
1. समाजिक और आर्थिक विकास: समाजिक और आर्थिक विकास के माध्यम से नक्सलवाद को नियंत्रित किया जा सकता है। गरीबी के स्तर को कम करना और अवसरों को बढ़ाना नक्सलवाद को हल करने का एक कारगर तरीका हो सकता है। 2. पुलिस और सुरक्षा बलों की सुधार: पुलिस और सुरक्षा बलों को तकनीकी और ताकतवर बनाना आवश्यक है ताकि वे नक्सलवादी समूहों के खिलाफ सफल रूप से कार्रवाई कर सकें। 3. संविदानिक निर्णय: नक्सलवाद के क्षेत्रों में सरकार को संविदानिक निर्णय लेने की आवश्यकता है, जैसे कि भूमि का अधिग्रहण और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम। 4. सामाजिक चेतना: सामाजिक चेतना और शिक्षा के माध्यम से लोगों को नक्सलवाद के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा सकता है।

## राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसका अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर कोई बुरा और व्यापक असर पड़ता हो। यहां की जांच एजंसियों ने कानून के दायरे में रहते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की और उसको केजरीवाल की तरफ से अदालत में चुनौती भी दी गई है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत सरकार ने सख्त एतराज जताया था। अब विदेशमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि उन्हें भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करना चाहिए, नहीं तो इसका बहुत कड़ा जवाब मिलेगा। आमतौर पर अपेक्षा की जाती है कि हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करे और उनके आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करे, मगर अक्सर देखा जाता है कि कमजोर देशों के मामलों में ताकतवर देश हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। इसी आदत के चलते जर्मनी, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने भारत सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने की कोशिश की थी।

ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन राजनयिकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भारत किस कदर भ्रष्टाचार और धनशोधन संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है। फिर भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की तो उससे यही जाहिर हुआ कि वे भारत के विपक्षी दलों के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों से विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का आधार मिल गया था।

यह ठीक है कि यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया। उस गिरफ्तारी में समय के चुनाव को लेकर भी सवाल उठे, क्योंकि तब तक आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी थी। इस तरह चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का सैद्धांतिक पक्ष बाधित नजर आने लगा। मगर इस पर नजर रखने और कार्रवाई करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग और अदालतों को है, न कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका या जर्मनी के किसी राजनयिक को।

यह भी ठीक है कि हर देश अपने राजनयिकों के जरिए दूसरे देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखता, वहां के चुनावों की खोज-खबर लेता रहता है, मगर वह चुनाव प्रक्रिया या वहां के राजनीतिक विवादों में पक्षकार की तरह शामिल नहीं हो सकता। वैसे भी अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र पर अनेक बार सवाल उठते रहे हैं कि वह अपने मित्र राष्ट्रों में हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन तक पर चुप्पी साधे रहते हैं। फिलिस्तीन के खिलाफ नियम-कायदों को ताक पर रख कर चलाई जा रही इजराइल की कार्रवाइयों पर वे क्यों मुखर होकर नहीं बोलते या तन कर खड़े होते!

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसका अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर कोई बुरा और व्यापक असर पड़ता हो। यहां की जांच एजंसियों ने कानून के दायरे में रहते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की और उसको केजरीवाल की तरफ से अदालत में चुनौती भी दी गई है। उसके गलत या सही होने का निर्णय अदालत को करना है। उनके पहले भी इसी मामले में कई दूसरे नेता गिरफ्तार किए जा चुके थे। अमेरिका, जर्मनी, संयुक्त राष्ट्र या किसी भी दूसरे देश को उसमें हस्तक्षेप करने का कोई तुक नहीं बनता। हर देश की अपनी संप्रभुता है और वह अपने नियम-कायदों, कानूनों के जरिए चलता है। संयुक्त राष्ट्र को उसके किसी फैसले पर तभी कोई टिप्पणी करने का हक है, जब उससे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन होता हो। इसलिए भारत के विदेश मंत्रालय ने उचित ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसी टिप्पणियों के प्रति आगाह किया है।



# वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है।

18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं।

विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का



अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विपक्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं।इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा। एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। चुनावी बॉण्ड भी इसलिए अधिक बड़ा मुद्दा नहीं बन पा रहा कि कमोबेस सभी दलों को चंदा मिला है। किसी ने भी इस तरह से चंदा लेने से ना नहीं किया। दूसरी और जहां तक आमआदमी का प्रश्न है वह जानता है कि चुनावी चंदा देने वाले पैसे वाले प्रभावशील लोग हैं। आमआदमी तो इतना चंदा देने से रहा। यह भी जानते हैं कि चुनावों के लिए चंदा लिया ही जाता है। दूसरी और मजे की बात यह है कि चंदा पैसों वालों से लेने के बावजूद आममतदाताओं को साधनें में सत्तारुढ़ दल सफल रहा है। साफ है कि चंदा देने वालों के वोट गिनती के ही होते हैं।

साफ है कि 18 वीं लोकसभा के चुनाव प्रचार अभियान में संवैधानिक संस्थाओं के उपयोग, चुनाव बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि मुद्दें अधिक चलने वाले नहीं हैं। राम मंदिर, धारा 370 या इसी तरह के अन्य मुद्दों को विपक्ष उठाता भी है तो इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही मिलेगा।

ऐसे में विपक्ष को चुनावी वैतरणी पार करने के लिए कोई ठोस मुद्दें खोजने होंगे। हवा हवाई या चलताउ भाषणों, आरोप प्रत्यारोप से पार पाना मुश्किल रहेगा। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि इस बार के चुनाव दस नेताओं के इर्द गिर्द रहेंगे इनमें नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, खड़गे, शरद पंवार, ममता बनर्जी, नीतिश कुमार, तेजस्वी यादव, स्टालीन, असदुद्दिन ओवैसी आदि दशा और दिशा तय कर पायेंगे। पर मेरा मानना है कि 18 वीं लोकसभा के चुनाव नरेन्द्र मोदी के इर्द गिर्द ही रहने वाला है। विपक्ष का निशाना नरेन्द्र मोदी ही रहेंगे और इसका उजला या स्याह पक्ष यह है कि विपक्ष जितना अधिक नरेन्द्र मोदी के नाम का उच्चारण करेगा उसका उतना ही अधिक लाभ नरेन्द्र मोदी और भाजपा को मिलेगा। पिछले दो लोकसभा के चुनाव परिणाम तो यही बताते हैं। ऐसे में विपक्ष को अलग ही तरह की रणनीति बनानी होगी।

विपक्ष को सकारात्मक रणनीति बनानी होगी अन्यथा नकारात्मकता को तो नरेन्द्र मोदी को अपने पक्ष में करने की महारत हैं। लोक सभा के पिछले दो चुनाव और गत दस सालों के विधानसभाओं के चुनावों के परिणाम सबके सामने हैं ऐसे में विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा को घेरने की है और इसके लिए उसे पूर्व अनुभवों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी रणनीति बनानी होगी। रैलियों, सभाओं में प्रमुख नेताओं को भाषणों-वक्तव्यों के दौरान सावधानी बरतनी होगी तभी मोदी जी से पार पाया जा सकता है। यह साफ साफ समझ लेना होगा। इसमें कोई अतिशयोक्ति भी नहीं है कि मोदी जी विपक्षी नेताओं द्वारा कही गई बात को तत्काल अपने पक्ष में भुनाने में सिद्धहस्त है, ऐसे में विपक्ष के सामने प्रमुख चुनौती चुनाव अभियान के दौरान अपनों के बीच समन्वय व समझ बनाये रखनी है तो जनमानस को प्रभावित करने की रहेगी तो मोल तोल के बोल पर भी अधिक ध्यान देना होगा।

# भारतीय संस्कृति, संस्कारों में पश्चिमी दर्शन का समावेश

भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं।

विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलत: हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है।

परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या ?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है।

दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

## घर तो बुजुर्गों के साये से बनता है

सपनो में आकाश सी ऊंचाई होनी चाहिए,
दिल में सागर सी गहराई होनी चाईये,

अगला दिन इतिहास बनेगा या भविष्य,
मन की आँखों में इतनी बिनाई होनी चाहियड्डे

घर तो बुजुर्गों के साये से बनता है,
उनकी सदा इज्जत अफजाई होनी चाईये।

ईश्वर में विश्वास हो पक्का तो,
कुरान और गीता सी सच्चाई होनी चाहिए।

रिश्तेदारों से तो पडोसी अच्छे है,
दु:ख सुख के रिश्तों में गरमाई होनी चाहिए।

गर्भ में तो राम,रावण रोपे जाते है,
कर्मों की उसमें परछाई होनी चाहिए।
मुद्दतों बाद मिला है आज पुराना दोस्त,
देर तलक खुशबुओं की खुशनुमाई होनी चाहिए,

जिसने वतन की खातिर खून बहाया,
वतन परस्ती की भरपाई होनी चाहिये,



**संजीव ठाकुर**
**रायपुर**

# लोकसभा चुनाव 2024-हमारे अभूतपूर्व एक वोट में सरकार बनाने गिराने की ताक़त



इतिहास गवाह है,जब एक वोट से भारतीय केंद्र सरकार गिरी,सांसद विधायक चुनाव हारे,अमेरिकी राष्ट्रपति और हिटलर भी एक वोट से ही जीते थे-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे बड़ी 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले भारत देश में लोकतंत्र का महापर्व का प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 से शुरू हो रहा है। इसके प्रचार प्रसार में उम्मीदवार बड़े जोर शोर से भिड़े हुए प्रचार कर रहे हैं। हर उम्मीदवार अपने-अपने विकास के काम गिनाकर वोटरों का उज्जवल भविष्य की बातें कर रहे हैं। जिनके उत्तर में मतदाता का रुझान अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रहा है वैसे भी हम पिछले चुनावों का विश्लेषण करें तो पहले ओवरऑल मतदान 50 प्रतिशत के आसपास होता था जो अभी हाल के पांच राज्यों के चुनाव में प्रतिशत तेज़ी से बढ़ाते दिखाई दिया है मेरा मानना है कि यह चुनाव का मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत से पार करने की जरूरत है, जिस पर हर मतदाता ने विचार कर इसे रेखांकित करना समय की मांग है, क्योंकि अगर हम पिछले इतिहास पर गहराई से नजर डालें तो,आम तौर एक वोट की ताकत को बड़े चुनावों में कम करके आंका जाता है। लोग अक्सर यह कहते सुने जा सकते हैं कि एक वोट से क्या होगा। लेकिन इतिहास खंगालने पर एक वोट की ताकत क्या होती है यह पता चलता है। देश और दुनिया का इतिहास गवाह है कि एक वोट की ताकत कभी कम नहीं रही। एक वोट ने सरकार तक को गिरा दिया तो किसी के मुख्यमंत्री बनने के सपने पर पानी फेर दिया। कहीं एक वोट हिम्मत, साहस और मजबूत इरादे के प्रतीक के तौर पर सामने आया। चूंकि अभी 19 अप्रैल से 4 जून तक हमें लोकसभा चुनाव 2024 के विभिन्न चरणों में वोट करना है,जो हमारेअभूतपूर्व एक वोट की महत्वपूर्ण ताकत है,क्योंकि इतिहास गवाह है जब एक वोट से भारतीय केंद्र सरकार गिरी,सांसद विधायक चुनाव हारे,अमेरिकी राष्ट्रपति और हिटलर भी एक वोट से जीते थे,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,आओ अपने एक वोट की टीटीताक़त को पहचाने इतिहास एक वोट से हार जीत के उदाहरण से भरा पड़ा है।

साथियों बात अगर हम अपने एक वोट की ताक़त का आंकलन भारतीय इतिहास में एक वोट से हारने वाले नेताओं की करें तो, आमतौर पर मतदाता एक वोट की ताकत कम करके आंकते हैं और कई बार मतदान करने नहीं जाते हैं। हालांकि इतिहास में चुनावी पर्व में कई बार ऐसे मौके देखे गए, जब एक वोट ने उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया।अटल सरकार का गिरना, अप्रैल 1999 भारतीय इतिहास में एक अहम घटना के लिए दर्ज है। इसी दिन 13 महीने पुरानी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ एक वोट से पास हुआ था। प्रस्ताव के पक्ष में 270 वोट पड़े थे और खिलाफ 269 वोट। इसके नतीजे में वाजपेयी सरकार गिर गई थी।सी.पी.जोशी की हार, 2008 के राजस्थान विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के सीनियर लीडर सी.पी.जोशी सिर्फ एक वोट से हार गए थे। उनके प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के कल्याण सिंह चौहान को 62,216 वोट पड़े थे जबकि उनको 62,215। वह उस समय मुख्यमंत्री पद के मजबूत उम्मीदवार थे लेकिन एक वोट ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।जैसा कि सौभाग्य से हुआ, टाइम्स ऑफ इंडिया की 2013 की एक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कथित तौर पर सीपी जोशी की मां, बहन और ड्राइवर मतदान के दिन उनके लिए वोट करने नहीं आ सके। संयोगवश, कर्नाटक में भी कृष्णमूर्ति का ड्राइवर मतदान करना चाहता था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका क्योंकि कृष्णमूर्ति ने ही उसे मतदान के दिन अपनी ड्यूटी से छुट्टी नहीं दी थीए.आर.कृष्णमूर्ति कर्नाटक विधानसभा के 2004 के चुनाव में ए.आर.कृष्णमूर्ति जनता दल सेक्युलर के टिकट पर लड़े थे। उनके प्रतिद्वंद्वी ध्रुवनारायण को 40752 वोट मिले जबकि उनको 40751। वह विधानसभा चुनाव में एक वोट से हारने वाले पहले शख्स बन गए थे।अहमद पटेल 2017 में गुजरात की तीन राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हुआ था। एक सीट पर कांग्रेस की ओर से अहमद पटेल लड़ रहे थे। कांग्रेस के ही दो विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी जिससे अहमद पटेल की जीत मुश्किल हो गई थी। क्रॉस वोटिंग करने वाले दो एमएलए यह भूल गए थे कि वे वोट करते वक्त भी कांग्रेस के सदस्य थे और वे पोलिंग बूथ पर खड़े होकर अपनी बदली हुई वफादारी का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकते। इससे उनके वोट रद्द हो गए जिससे जीतने के लिए वोटों की संख्या 43.5 हो गई। अहमद पटेल को 44 वोट मिले थे, इस तरह वह आधे वोट से जीत गए। एआर कृष्णमूर्ति ने 2013 के एक प्रेस साक्षात्कार में इसे अच्छी तरह से समझाते हुए कहा कि वह नहीं चाहेंगे कि उनका कट्टर दुश्मन भी इस तरह से यानी सिर्फ एक वोट से चुनाव हार जाए। उम्मीदवार को शून्य वोटउत्तर प्रदेश का मैनपुरी संसदीय क्षेत्र ढाई दशक से भी अधिक समय से समाजवादी पार्टी का गढ़ है। इसके चलते यह हर चुनाव में सुर्खियों में रहता है। हालांकि यह क्षेत्र एक दिलचस्प किस्से का भी गवाह रहा है। यहां एक उम्मीदवार को शून्य वोट मिले थे। शंकर लाल 1957 के लोकसभा चुनावों में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में खड़े थे। उन्हें अपना वोट भी नहीं मिला क्योंकि गिनती के दौरान उसे भी अमान्य करार दे दिया गया था।

साथियों बात अगर हम 10 से कम वोटो पर जीत के निर्णय की करें तो, 10 से कम वोटों से जीत और हार का निर्णय आंकड़े बताते हैं कि भारतीय चुनाव के इतिहास में कई बार ऐसे मौके आए जब जीत और हार का निर्णय 10 से कम वोटों से हुआ। ताजा उदाहरण 2018 में हुए मिजोरम विधानसभा चुनाव का है। तुइवावल विधानसभा सीट पर मिजोरम नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के लालचंदामा राल्ते ने मौजूदा कांग्रेस विधायक आरएल पियानमाविया को सिर्फ तीन वोटों से हराया। चुनाव में राल्ते को 5,207 वोट मिले जबकि पियानमाविया को 5,204 वोट मिले। 1989 में कांग्रेस के कोनाथला रामकृष्ण ने आंध्र प्रदेश की अनाकापल्ली सीट से उपविजेता से सिर्फ नौ अतिरिक्त वोट हासिल करके लोकसभा चुनाव जीता था। 1998 में जब भाजपा के सोम मरांडी ने बिहार की राजमहल लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। इस बार भी अंतर महज नौ वोटों का रहा।

साथियों बात अगर हम पूरी दुनियां के लोकतांत्रिक देशों में एक वोट से हार जीत के फैसले की करें तो रदरफॉर्ड बी हेज 1876 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रदरफॉर्ड बी.हेज और टिलडन के बीच मुकाबला था। टिल्डन 2,50,000 के अंतर से पॉप्युलर वोट जीत गए थे। लेकिन जब इलेक्टोरल वोट की बारी आई तो उनको सिर्फ 184 वोट मिले थे जबकि रदरफॉर्ड 185 वोट जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हुई।मजबूत लीडर के तौर पर उभरीं मारग्रेट थैचरएक वोट ने इंग्लैंड की प्रधानमंत्री रहीं मारग्रेट थैचर की जिंदगी में अहम भूमिका निभाई।

## शार्ट न्यूज

### मां ने 6 महीने की बच्ची को मार डाला

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में 6 महीने की बच्ची निहारिका की कातिल उसकी मां ही निकली। मां ने अपनी बच्ची को बीमारी और बुरी नजर से बचाने के लिए जो धागा उसके गले में डाला था, उसी से गला कसकर मासूम को मार डाला। हत्या के समय बच्ची सो रही थी। बच्ची की चीख तक नहीं निकल पाई। पति ने पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी मां राजबेटी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पति-पत्नी में झगड़ा रहता था। इसी के चलते महिला परेशान रहती थी। उसने गुस्से में आकर बच्ची के गले में पड़े धागे से उसका गला घोंट दिया। इसके बाद बच्ची की संदिग्ध मौत होने का नाटक किया। अपने पति के सामने रोई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी मासूम का गला घोंटने से मौत होने की पुष्टि हुई है। थाना सिंधौली क्षेत्र के उझिया गांव के रहने वाले शिवम पाल की शादी दो साल पहले थाना बंडा क्षेत्र के सिंघापुर पिमई गांव के रहने वाली राजबेटी से हुई थी। महिला ने बेटी को जन्म दिया। घर वालों ने बच्ची का नाम निहारिका रखा। इस समय उसकी उम्र महज 6 महीने की थी। शादी के बाद से पति-पत्नी के बीच घरेलू मामलों को लेकर विवाद रहता था। दो साल के दौरान कई बार पत्नी ने पति के खिलाफ शिकायत भी की थी।

### बिजनौर में सड़क हादसे में किशोरी की मौत

बिजनौर। बिजनौर के बैराज रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बहन के लग्न रिश्ते में जा रही एक किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका मामा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुट गई। हादसा बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के बैराज रोड पर हुआ। बिजनौर के रायपुर इलाके के रहने वाले शिवकुमार अपनी भांजी मोनी (16) के साथ उसकी बड़ी बहन का रिश्ता लग्न लेकर बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मनगरी जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही बाइक बैराज रोड पर गैस एजेंसी के पास पहुंची तभी एक ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक के पीछे बैठी मोनी (16) की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका मामा घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के काफी लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक किशोरी के भाई हेमंत का कहना है कि वह अपने परिजनों के साथ अपनी बहन का रिश्ता लेकर जा रहे थे।

### बहराइच में ग्राम प्रधान के ससुर की हत्या

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेठिया में ग्राम प्रधान के ससुर की खेत में अज्ञात लोगों ने पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान आरती देवी हैं। प्रतिदिन की तरह बुधवार की रात को ग्राम प्रधान के ससुर राम प्रसाद चौहान (65) घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में फसल की रखवाली के लिए गए और खेत के पास बने मकान में ही सो गए। गुरुवार को सुबह रामप्रसाद की पत्नी सुखिया देवी पति के पास गई, तो देखा कि पति औंधे मुंह बिस्तर पर पड़े हुए हैं, चेहरे से खून निकल रहा है। इस पर महिला ने शोर मचाते हुए परिवार को सूचना दी। उन्हे सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में गुरुवार की सुबह पांच बजे भर्ती कर डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर में मौत हो गई। ग्राम प्रधान के जेठ प्रधान प्रतिनिधि बच्चन चौहान ने प्रधानी के रंजिश में गांव निवासी पूर्व प्रधान श्रीचंद्र, अभिषेक, विवेक, आनंद, मोटे और अनूप के अलावा एक महिला पर पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

### झांसी में 13 साल के बच्चे की मौत

झांसी। झांसी में नदी में डूबने से 13 साल के बच्चे की मौत हो गई। वह घर से अकेले ही नदी में नहाने के लिए गया था और नहाते वक्त गहरे पानी में चला गया। घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरु की। तब 16 घंटे बाद गुरुवार को नदी के किनारे उसके कपड़े मिले और थोड़ी देर बाद उसका शव बरामद हो गया। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है। बबीना थाना क्षेत्र के सिमरावारी गांव निवासी भगवान सिंह अहिरवार खेती किसानी और मजदूरी करते हैं। उनका 13 साल का बड़ा बेटा विनीत अहिरवार गांव के सरकारी स्कूल में 5वीं कक्षा में पढ़ रहा था। विनीत के ताऊ उदल सिंह अहिरवार ने बताया कि बुधवार को खेत की थ्रेसिंग हुई। दोपहर करीब 3 बजे विनीत नदी में नहाने के लिए चला गया। परिवार के लोगों ने मना भी किया, लेकिन वह नहीं माना और अकेले ही नहाने के लिए नदी पर पहुंच गया। वहां नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया और पानी में डूब गया। शाम को विनीत घर पर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। तब उसकी तलाश शुरु की गई। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। रात करीब 11 बजे परिजन बीएचईएल चौकी गए और विनीत के लापता होने की सूचना दी। इसके बाद परिजन रात करीब 1 बजे तक उसे ढूंढ़ते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। तब सुबह 5 बजे से दोबारा विनीत की तलाश शुरु की गई।

### ग्राम प्रधान ने फांसी लगाकर दी जान

सोनभद्र। सोनभद्र के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के कसारी गांव के ग्राम प्रधान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता शराब पीने के आदि थे। बीती रात भी शराब पीकर घर आये तो परिजनों से बहस हुई थी। जिसके बाद वो अपने कमरे में सोने चले गए जहां सुबह शव लटकता मिला है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कसारी गांव के ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता धान खरीद का काम करता थे और व्यापारी को बेचता थे। मृतक ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता शराब पीने का भी आदि था जिसके कारण आय दिन घर में शराब को लेकर बहस होती थी। इससे वह डिप्रेशन में रहता था। बुधवार की रात को मृतक ग्रामप्रधान ने शराब पी रखी थी घर में शराब पीने को लेकर परिजनों ने मना किया तो बहस हुई। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजा तोड़ के अंदर देखा गया तो ग्रामप्रधान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया थ। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### विवाहिता का शव कब्र से निकाला गया

रामपुर,जौनपुर। जौनपुर में 16 दिन पूर्व दफन विवाहिता का शव मजिस्ट्रेट के आदेश पर कब्र खोदकर निकाला गया। विवाहिता की मौत 19 मार्च को हुई थी। मौत के 6 दिन बाद पुलिस हरकत में आई थी। पुलिस ने 26 मार्च को गांव पहुंच कर मौके का जायजा लिया था। आज 4 मार्च को शव निकाल कर जांच के लिए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज गया है। बता दें कि 19 मार्च को सुरेरी थाना क्षेत्र के सुरेरी गांव में विवाहिता की मौत के बाद ससुराल वालों ने बिना किसी को बताए शव को दफना दिया था। जिसकी जानकारी मायके वालों को होते ही परिजन महिला के ससुराल पहुंचे और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया था। जौनपुर के सुरेरी गांव में 19 मार्च की रात संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई थी। परिजन ने बिना मायके वालों को सूचित किए शव को ले जाकर दफना दिया था। किसी तरह मायके वालों को इसकी जानकारी हुई तो सभी मौके पर पहुंचे तो देखा शव को दफना दिया गया था। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या पर आरोप लगाया था। साथ ही मायके वालों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मृतका की पहचान वसीम की पत्नी परवीन बानों के रूप में हुई है। तहरीर न देने पर पुलिस ने मामले मे कोई कार्रवाई नहीं की। एक हफ्ते बीत जाने के बाद विवाहिता के भाई तौहीर अहमद ने जौनपुर एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# हीट वेव को लेकर यूपी सरकार के निर्देश

## सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल, शेलटर्स की हो व्यवस्था

एजेंसी

**लखनऊ ।** गर्मी के मौसम में हीट वेव के कारण होने वाले रोगों के प्रबंधन और तैयारियों के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से समस्त जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्साधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं।

दिशा निर्देशों में अंतर्विभागीय समन्वय के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की संचालित होने वाली गतिविधियों का ब्यौरा दिया गया है। साथ ही अत्यधिक हीट वेव के दौरान क्या करें और क्या न करें, इसकी भी जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न केंद्रीय संस्थाओं की ओर से इस वर्ष उत्तर प्रदेश सहित देश के अधिकांश भागों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना व्यक्त की गई है। इसी को लेकर प्रदेश सरकार ने जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए ये दिशानिर्देश दिए हैं।



### शीतल पेयजल के साथ हो शेल्टर्स की भी व्यवस्था

देश की कई अलग-अलग रिसर्च संस्थानों द्वारा मार्च से मई, 2024 के बीच गर्मी के मौसम में सीजनल आउटब्रेक की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि मार्च से मई 2024 के मध्य देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इस समय में उत्तर प्रदेश के मध्य और उत्तर पश्चिम भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

इसी के साथ देश के अधिकांश भागों में इस अवधि में मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

वहीं, देश के मध्य तथा उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों में मार्च से मई 2024 के मध्य हीट वेव के प्रचलन की अधिक संभावना है। अधिकांश क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका के चलते हीट रिलेटेड इलनेसेज के विषय में अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए गतिविधियां प्राथमिकता के आधार पर किया जाना आवश्यक है।

इसके अंतर्गत भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस के लिए शीतल एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, गर्मी से बचाव के लिए शेलटर्स की व्यवस्था, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान तथा तापमान का डिस्प्ले और विद्यालयों में हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार सम्मिलित है।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्साधिकारियों, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स का प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना आवश्यक है जिसमें इन रोगों की शीघ्रता पहचान तथा उपचार के विषय में भी बताया जाए। इसके अलावा, आवश्यक औषधियां, इंट्रावीनस फ्लूड्स, आइसपैक्स, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट इत्यादि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता होनी चाहिए।

इसके अतिरिक्त आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। वहीं, चिकित्सा इकाइयों पर पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो और अत्यधिक तापमान की स्थितियों का सामना करने के लिए चिकित्सा इकाइयों पर कूलिंग उपकरणों की निरंतर क्रियाशीलता सुनिश्चित किए जाने हेतु अबाधित विद्युत आपूर्ति, यथासंभव सोलर पैनल्स का इंस्टालेशन, विद्युत ऊर्जा के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय, शीतल या हरित छत के माध्यम से इंडोर तापमान कम करने के उपाय, खिड़कियों पर तथा खुले क्षेत्रों में शेड लगाना इत्यादि गतिविधियां भी संपादित की जाएं।

# मिर्जापुर में विंध्याचल मेले की तैयारी चरम पर

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में श्रद्धालु इस बार विंध्य कोरिडोर निर्माण के बाद पहली बार भव्यता के बीच मां विंध्यवासिनी देवी की अभ्यर्थना करेंगे।

विंध्याचल नवरात्रि मेले की तैयारियां एक माह पहले शुरू कर दी जाती है। जिला प्रशासन, एवं अन्य संबंधित विभाग के साथ नगर पालिका परिषद के लोग जुट जाते हैं मगर अंतिम समय दिन रात काम शुरू हो जाता है।

विंध्याचल में तैयारियों का अद्भुत दृश्य है। चौदह वर्ग किलोमीटर मेला क्षेत्र में तैयारियों का मंजर है । एक हजार सफाई कर्मचारी साफ सफाई में जुटे हैं। विद्युत विभाग जल निगम आदि विभागों के कर्मचारियों की पूरी फौज जुटी है।तो दूसरी ओर अस्थाई दुकानें अपने अपने पूर्व निर्धारित स्थानों पर लगनी शुरू है। स्वयं सेवी संस्थाएं अपनी अपनी पंडाल को भव्य रूप देने में जुटे हैं।

स्थायी दुकानदार अपनी अपनी दुकानो को रंग रोगन कर सजा रहे हैं। इस बार भारी भीड़ से अच्छी आय होने की आशा से उत्साहित भी है।

मंदिर परिसर में देवी के मंदिर को रंग-रोगन कर सजाया जा रहा है। विदेशी फूलो से पूरे को एक दम अलग लुक भी दिया जाएगा।जिला प्रशासन अधिकारियों के साथ कैंम्प कार्यालय में प्रतिदिन तैयारियों की समीक्षा कर रहा है।

जिलाधिकारी प्रिंयका निरंजन रोज स्थलीय निरीक्षण कर आदेश निर्देश जारी करती है। चुनावों के माहौल में नवरात्रि मेला प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। नव्य भव्य मंदिर के निर्माण के बाद अन्य नवरात्रि से इस बार भारी भीड़ इकट्ठी होने की पूरी संभावना है। लिहाजा दर्शनार्थियों को मौलिक सुविधा उपलब्ध कराना एवं सुरक्षा व्यवस्था एक बड़ी चुनौती होगी।

मेला प्रभारी एवं अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ल ने बताया कि मां विंध्यवासिनी धाम के साथ त्रिकोण पथ पर स्थित मां अष्टभुजा एवं मां काली मंदिर परिसर एवं रास्ते आदि पर भी काम चल रहा है।

# फर्जी आयकर अफसर अरेस्ट

## चेकिंग के लिए कार रोकी तो आईडी कार्ड दिखाकर रौब गांठने लगा

कानपुर। कानपुर में फर्जी आयकर अफसर गिरफ्तार हुआ है। बुधवार शाम को पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी एक कार रोकी। फिर उसकी जांच करनी चाही, तो युवक आयकर विभाग का आईडी कार्ड दिखाते हुए पुलिस पर रौब गांठने लगा।

एसीपी ने नाम पूछा तो वह हड़बड़ा गया। पुलिस को उस पर शक हो गया। फिर पुलिस ने जांच की तो आईडी कार्ड फर्जी निकला। फिलहाल, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उससे रावतपुर थाने की पूछताछ कर रही है।

### आईडी कार्ड पर आयकर अफसर लिखा था

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया, रावतपुर थाने की पुलिस मसवानपुर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को एक कार आते दिखाई दी। जिसमें नंबर प्लेट के ऊपर बड़ी नेम प्लेट लगी थी, जिसमें आयकर विभाग, भारत सरकार लिखा था। पुलिस को चेकिंग के लिए कार रोक ली। चेकिंग की, तो कार से कुछ बरामद नहीं हुआ। लेकिन जांच में सामने आया कि पकड़ा गया युवक फर्जी आयकर अधिकारी है।



पूछताछ में युवक ने अपना नाम कल्याणपुर महाबीरपुरम नई बस्ती निवासी रितेश शर्मा बताया। उसके आईडी कार्ड पर आयकर अफसर लिखा था।

पुलिस ने जांच-पड़ताल की तब पता चला कि इस नाम का कोई भी आयकर अफसर नहीं है। इसके बाद पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो वह टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# सीतापुर पीटीसी में तैनात एसपीओ की हार्टअटैक से मौत

सीतापुर। सीतापुर में पीटीसी में तैनात एसपीओ की अचानक मौत से हड़कंप मच गया। ड्यूटी के दौरान अचानक हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डॉक्टरों के अनुसार हृदयगति रुकने से एसपीओ की मौत हुई है। मामला पीएसी परिसर स्थित पीटीसी (पुलिस ट्रेनिग सेंटर) का है। यहां पर तैनात फतेहपुर निवासी एसपीओ जगतपाल सिंह दिसंबर माह में पीटीसी में ट्रांसफर होकर आये थे। बताया जाता है कि आज सुबह तड़के उसकी हालत बिगड़ने पर आनन फानन में जगतपाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को मामले की सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी

बस्ती। लोकसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामकृष्ण भारद्वाज ने गुरूवार को यूनीवार्ता को बताया कि वांछित अपराधियों और असामाजिक तत्वों की सूची भारत ने नेपाल को तथा नेपाल ने भारत के अधिकारियों को सौंप दी है।

उन्होंने बताया कि परिक्षेत्र का सिद्धार्थनगर जिला मित्र राष्ट्र नेपाल से सटा हुआ है। आसामाजिक तत्वों, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी, जाली मुद्रा, अवैध हथियार सहित अन्य पहलुओं पर दोनों देशों के सुरक्षा एजेंसी तथा सुरक्षा कर्मियों द्वारा नजर रखी जायेगी।



नेपाल सीमा पर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा निरन्तर निगरानी किया जा रहा है।

सिद्धार्थनगर जिले के सीमावर्ती थानाध्यक्षों,चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के लिए आवश्यक सीमा निर्देश प्रदान किया गया है।

सीमा की तरफ जाने वाली प्रत्येक गाड़ियों का चेकिंग किया जा रहा है तथा सीमा से सटे गांव, कस्बों में लगे सीसी टीवी कैमरों को भी सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है। साथ-साथ यह भी कहा गया है कि जो तस्कर,अपराधी जेल से छूटकर आये है उन पर पुलिस नजर बनाये रखे। उन्होंने बताया कि वांछित अपराधियों, हिस्ट्री शीटरों, ईनामी अपराधियों की सूची एक-दूसरे देशो के अधिकारियों को सौंप दी गयी है।

दोनों देशों के सीमावर्ती गांव में सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड पर रहेंगे, अवैध शराब, गाजा, स्मैक, अवैध असलहा सहित अन्य मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चेकपोस्ट तथा बैरियर पर सघन चेकिंग किया जायेगा।

# सिद्धार्थनगर में 500 बीघा गेहूं की फसल में लगी आग

## तीन घंटे मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, एसडीएम ने मदद का दिया भरोसा

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आग से बेतनार, सेखुई सेनापति व रमवापुर जगतराम गांव के किसानों की करीब पांच सौ बीघा से अधिक खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम व ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे राजस्व टीम के साथ तहसीलदार और एसडीएम डुमरियागंज ने किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बेतनार गांव में सुबह करीब 11 बजे गेहूं के खेत से हल्का धुंआ उठता



दिखाई दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते और आग को बुझाने का प्रयास करते तब तक तेज पछुआ हवा के कारण आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। आग सेखुई सेनापति गांव के सीवान तक पहुंच गई। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद खुद अपने अपने संसाधनों से आग बुझाने में लग गए।

गर्मी और तेज हवा के साथ उठती लपटों के बीच आग देखते ही देखते रमवापुर जगतराम गांव के सीवान को भी अपने आगोश में ले लिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ ग्रामीणों के करीब तीन घंटे अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका, तब तक करीब 500 बीघा गेहूं की फसल राख हो गई।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बेतनार, सेखुई सेनापति व रमवापुर जगतराम गांव में गुरुवार को हुई अगलगी के घटना में वंशीलाल गुप्ता, जवाहर लाल गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद, सर्फुद्दीन, कल्लू, घिराऊ, रवि प्रकाश तिवारी, धर्म प्रकाश तिवारी, सूर्य प्रकाश, विनोद कुमार द्विवेदी, रघुनाथ प्रसाद, कौशल किशोर तिवारी, मुन्नू तिवारी, जनकराम चौरसिया, धर्मराज की पांच सौ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

### चंदौली में आबकारी विभाग ने मार छापा

सकलडीहा। चंदौली के सकलडीहा में अवैध शराब की बिक्री काफी लंबे समय से होने की बात कही जा रही थी। इसी सूचना पर गुरुवार को सीओ रघुराज के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने कस्बा के ही एक मकान पर छापा मारा। भीतर से एक युवक ने दरवाजा बंद कर लिया। बाहर खड़ी पुलिस का वीडियो बनाने लगा। पुलिस से ही तमाम सवाल पूछने लगा। इस दौरान बाहर लोगों की भीड़ लग गई। आपको बता दें कि सीओ रघुराज और आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा भारी पुलिस बल के साथ भीतरी बाजार के एक मकान पर दबिश दी। वहां पहले से एक व्यक्ति शराब लेने के लिए खड़ा था। जैसे ही पुलिस पहुंची। भीतर से एक युवक ने पागलों जैसी हरकते शुरू कर दी। वह अटपटे सवाल करते हुए पुलिस का ही वीडियो बनाने लगा। सीओ और आबकारी इंस्पेक्टर के बार-बार दरवाजा खोलने को कहे जाने के बाद भी नहीं खोला। जिससे छापेमारी की कार्रवाई अधूरी रह गई। इस दौरान भारी पुलिस टीम बेबस और लाचार दिखी। लोगों की माने तो अंदर बड़ी मात्रा में शराब रखी रहती है। व्यापारियों का कहना था कि यहां से सैकड़ों लोग प्रतिदिन शराब की खरीद करते हैं। इस अवैध बिक्री का युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जहां यह छापेमारी की जा रही है। इस घर की युवती आबकारी विभाग में सिपाही के पद पर कार्यरत है। आरोप लगाया कि सकलडीहा में कुल चार स्थानों पर शराब की बिक्री हो रही है। उसके बाद भी आबकारी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। इस संबंध में सीओ रघुराज ने बताया कि युवक पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

किरावली। आगरा के थाना अछनेरा पुलिस की बुधवार रात्रि को बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली है।

ज़ख्मी हालत में बदमाश को हॉस्पिटल भेजा गया है। बदमाश पर करीब 19 मुकदमे दर्ज हैं। मौके पर डीसीपी सोनम कुमार, सीओ अछनेरा पूनम सिरोही मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार रात्रि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि, कई लूट और चोरी की घटनाओं में फरार चल रहा 25 हजार का इनामी बदमाश शेर खान उर्फ अंशु पुत्र पप्पू खान, भरतपुर रोड की तुर्कीया नहर के पास में, कहीं जाने की फिराक में हैं। तत्काल डीसीपी सोनम कुमार के निर्देशन में, थाना प्रभारी डीपी तिवारी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

### एक अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस बरामद

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर, बदमाश को पकड़ने की कोशिश की। इतने में ही बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी, आत्मरक्षा के लिए फायर कर दिया। काफी देर चली मुठभेड़ में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई। उसे ज़ख्मी हालत में हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। वहीं पकड़े गए बदमाश के पास से पुलिस को, एक अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, एक सोने का मंगल सूत्र, 25 हजार रुपए व बाइक बरामद की गई।

वहीं डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि, पकड़े गए बदमाश पर चोरी, लूट, एनडीपीएस, गैंगस्टर सहित करीब 19 मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि, करीब एक महीने पहले कुकथला के पास बारात में लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया था। तभी से बदमाश फरार चल रहा था। कार्यवाही के दौरान, डीसीपी पश्चिमी जॉन सोनम कुमार, एसीपी पूनम सिरोही, थाना प्रभारी डीपी तिवारी एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बरेली में प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

## 4 माह पहले दोनों ने गांव में कसम खाकर कहा था कि एक साथ ही जीयेंगे और एक साथ ही मरेंगे

बरेली। यूपी के बरेली जिले में एक प्रेमी युगल ने सुसाइड कर लिया। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। आज गुरुवार दोपहर को दोनों के शव गेहूं के खेत में मिले। पास में कीटनाशक पदार्थ भी मिला है।

जिससे पुलिस प्रथम दृष्टा मान रही है कि दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड किया है। वहीं युवक के परिजनों ने ऑनर किलिंग की आशंका जताई है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जहां एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा खुद फोर्स के साथ मौजूद हैं।

### 4 साल से दोनों में चल रहा था अफेयर

बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में ग्वारी गांव निवासी सोमपाल गंगवार (22 साल) का अपने ही गांव की रहने वाली निर्मला (21 साल) पुत्री श्रीपाल से अफेयर चल रहा था। दोनों अलग अलग कास्ट के रहने वाले हैं। जहां युवक गंगवार है, जबकि युवती दलित है। कल दोपहर को दोनो के शव गांव के बाहर खेत में मिले हैं।



जब आसपास के लोग गेहूं काटने पहुंचे तो शव देखकर शोर मचाया। सूचना पर बहेड़ी पुलिस भी पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा भी फोर्स के साथ पहुंचे। गांव के रहने वाले एक पड़ोसी ने पुलिस अफसरों को बताया कि दोनों ने 4 माह पहले कहा था कि या तो शादी करेंगे या एक साथ मरेंगे। उसके बाद यह बात परिजनों को पता चल गई थी। जिसके बाद परिजनों ने युवती को दिल्ली भेज दिया था।

### चार साल की दोस्ती का दुखद अंत

परिजनों ने पुलिस को बताया कि चार साल से दोनों में दोस्ती थी। इस बात का परिजनों को भी पता चल चुका था। एक साल पहले दोनों ने गांव में कहा था कि हम शादी करना चाहते हैं। लेकिन एक ही गांव का मामला होने के चलते परिवार ने विरोध जताया। दोनों अलग अलग जाति के हैं, इसलिए गांव के लोगों ने कहा कि यह नहीं होने दिया जायेगा।

लेकिन उसके बाद भी दोनों चोरी छिपे एक दूसरे से मिलते थे। दिसंबर 2023 में परिजनों ने निर्जला को दिल्ली भेज दिया।

जहां वह दिल्ली में रहकर अपनी पुलिस भर्ती की तैयारी भी कर रही थी। जिसमें पुलिस का कहना है कि युवती के परिजनों ने उसे दिल्ली इसलिए भेजा था कि दोनों मिल न सकें।

गांव के बाहर जहां शव मिले हैं वहां पास में जहरीले पदार्थ की शीशी, व कीटनाशक भी मिला है। ऐसे में माना जा रहा है कि जहरीला पदार्थ जबरन नहीं खिलाया जा सकता। ऐसे में पुलिस सुसाइड ही मान रही है। दोनों ने एक साथ सुसाइड किया है।

### ऑनर किलिंग को भी जांच

पुलिस ऑनर किलिंग के बिंदु पर भी जांच कर रही है। युवक के परिजन भी चुप्पी साधे हुए हैं। जहां पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस यह मान रही है कि कहीं दोनों की हत्या तो नहीं की गई, उसके बाद कभी जहरीला पदार्थ पास में रख दिया हो।

## शार्ट न्यूज

### रूसी तेल पर प्राइस कैप का पालन करे भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के दो वरिष्ठ वित्तीय अधिकारी रूस से तेल खरीद के मामले में रूस के मुनाफे को सीमित करने के उद्देश्य से प्राइस कैप को बनाए रखने की अपील करने के लिए भारत में हैं। उनका उद्देश्य स्थिर वैश्विक ऊर्जा बाजारों को बढ़ावा देना है। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण के कार्यवाहक सहायक मंत्री अन्ना मॉरिस और आर्थिक नीति के लिए पीडीओ सहायक मंत्री एरिक वान नॉस्ट्रैंड सरकारी और निजी क्षेत्र के समकक्षों से मिलने के लिए 2 से 5 अप्रैल के बीच नई दिल्ली और मुंबई की यात्रा कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, वे प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे जिसमें धनशोधन के खिलाफ सहयोग और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करना, अन्य अवैध वित्तीय मुद्दे और मूल्य सीमा का कार्यान्वयन शामिल है। इसका लक्ष्य स्थिर वैश्विक ऊर्जा बाजारों को बढ़ावा देते हुए रूस को अपने अवैध आक्रमण के वित्तपोषण के लिए प्राप्त होने वाले मुनाफे को और सीमित करना है।

### मजबूत मांग के कारण मार्च में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर साढ़े 13 वर्ष के हाई पर

नई दिल्ली। मजबूत मांग के कारण मार्च में देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर साढ़े 13 साल की सबसे मजबूत वृद्धि दर में से एक रही। एचएसबीसी इंडिया सर्विर्सिज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स फरवरी के 60.6 से बढ़कर मार्च में 61.2 पर पहुंच गया।परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे रहना संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा लगभग 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के एक पैनल को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों से संकलित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की सेवाओं का पीएमआई फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में बढ़ा और मजबूत मांग के कारण बिक्री और कारोबारी गतिविधियों में तेजी आई। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, उत्पादन क्षमता का विस्तार करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से हायरिंग में वृद्धि की। सर्वेक्षण के अनुसार बिक्री में तेजी का मुख्य कारण मांग में बेहतर स्थिति, दक्षता में वृद्धि और बिक्री में सकारात्मक वृद्धि है। कंपनियों ने मार्च के दौरान नए ऑर्डर इंटेक में काफी सुधार का संकेत दिया। वृद्धि की दर जून 2010 के बाद से सबसे अच्छी देखी गई। सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से नया निर्यात कारोबार सबसे तेज दर से बढ़ा।

### अगले दो दशकों तक कोयला ही भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रीढ़ रहेगा

नई दिल्ली। कोयला आने वाले दो दशकों तक भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रीढ़ बना रहेगा। आईआईएम अहमदाबाद की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोयले के इस्तेमाल को कम करने के लिए सही नीतियां बनाने की जरूरत होगी। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि परमाणु ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा के बिना साल 2070 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना संभव नहीं होगा। आईआईएम अहमदाबाद ने नेट जीरो के लक्ष्य को पाने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव और समन्वय पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। इस रिपोर्ट को भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कई गणमान्य लोगों जैसे नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके सारस्वत, परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. एके मोहंती और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जारी किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्बन उत्सर्जन नेट जीरो करना आसान नहीं है और इसके लिए कई रास्ते अपनाने पड़ेंगे। कोयले का इस्तेमाल अगले दो दशकों तक जारी रहेगा और यही भारत के ऊर्जा सेक्टर की रीढ़ बना रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2070 में भारत का कार्बन उत्सर्जन करीब 0.56 अरब टन कार्बन-डाई-ऑक्साइड से लेकर 1.0 अरब टन कार्बन डाई ऑक्साइड के बीच रहने की उम्मीद है।

### जल्द खत्म हो सकता है विस्तारा का संकट

**नई दिल्ली।** विस्तारा एयरलाइंस का संकट जल्द ही खत्म हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हफ्ते के अंत तक एयरलाइंस की उड़ानें भी सामान्य हो सकती हैं। विस्तारा एयरलाइंस ने ही इसके संकेत दिए हैं। विस्तारा एयरलाइंस पायलट्स की कमी से जूझ रही है और इसके चलते हाल के दिनों में बड़ी संख्या में विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट्स या तो कैंसिल हुई हैं या फिर उनमें देरी हुई है। इसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। विस्तारा एयरलाइंस के पायलट्स ने थकान की शिकायत की थी और इसका सीधा असर सुरक्षा पर पड़ता है। पायलट्स का कहना है कि वह अधिकतम फ्लाइट ड्यूटी की सीमा तक पहुंच गए हैं और थकान की वजह से वे जल्दी जल्दी बीमार हो रहे हैं। विस्तारा एयरलाइंस के कई पायलट बीमार बताए जा रहे हैं। वहीं कई एयर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय के बाद लाए जाने वाले सैलरी स्ट्रक्चर से खुश नहीं हैं और इसका विरोध कर रहे हैं। पायलट्स का कहना है कि हर कोई उड़ान से थक गया है। सभी नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों से उम्मीद कर रहे थे कि वे कुछ राहत देंगे, लेकिन फिलहाल ऐसा होता नहीं दिख रहा है। पायलट्स ने इस बात की भी शिकायत की है कि एयरलाइंस पायलट्स से ज्यादा सॉफ्टवेयर पर विश्वास कर रही है।

### भारत बनाएगा अपना वाणिज्यिक क्रूड रणनीतिक भंडार

नई दिल्ली। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत क्रूड का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडार बनाने की योजना बना रहा है। इस कदम से किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति संबंधी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां मंगाई हैं। निविदा दस्तावेज के मुताबिक, आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मंगलूरू (15 लाख टन) और पादुर (25 लाख टन) हैं। दूसरे चरण के तहत, पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह-रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार बनाने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है।

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय से पहले बाजार ने लगाई छलांग

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में निवेशकों के नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने की उम्मीद में आईटी, सीडी, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत तेरह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर शेयर बाजार ने आज ऊंची छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक उछलकर 74,227.63 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 80.00 अंक की बढ़त लेकर 22,514.65 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली कंपनियों में बिकवाली हुई लेकिन छोटी कंपनियों के शेयर मजबूत रहे। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.11 प्रतिशत फिसलकर 40,625.41 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,803.97 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2451 में लिवाली जबकि 1397 में बिकवाली हुई वहीं 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां हरे जबकि शेष 19 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के 13 समूहों के शेयर मजबूत रहे। इस दौरान सीडी 0.68, वित्तीय सेवाएं 0.69, हेल्थकेयर 0.14, इंडस्ट्रियल्स 0.26, आईटी 0.93, यूटिलिटीज 0.78, ऑटो 0.25, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 0.17,



कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.85, धातु 0.05, पावर 0.38 और टेक समूह के शेयर 0.47 प्रतिशत उछल गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जर्मनी का डैक्स 0.01 जापान का निक्केई 0.81 दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.29 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.22 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत टूट गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 537 अंक की तूफानी तेजी लेकर 74,413.82 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 73,485.12 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद हुई दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 74,501.73 अंक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 73,876.82 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत उछलकर 74,227.63 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 157 अंक की मजबूती के साथ 22,592.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,303.80 अंक के निचले जबकि 22,619.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,434.65 अंक की तुलना में 0.36 प्रतिशत चढ़कर 22,514.65 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें एचडीएफसी बैंक 3.06, टाइटन 1.98, टेक महिंद्रा 1.74, एशियन पेंट 1.72, टीसीएस 1.41, मारुति 1.22, कोटक बैंक 0.99, बजाज फिनसर्व 0.93, एनटीपीसी 0.90, विप्रो 0.86, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.66, एलटी 0.47, इंफोसिस 0.40, टाटा मोटर्स 0.30, एचसीएल टेक 0.23, इंडसइंड बैंक 0.17 और अल्ट्रासिमको 0.01 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, एसबीआई 1.52, भारती एयरटेल 1.44, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.01, पावरग्रिड 0.96, आईटीसी 0.60, रिलायंस 0.54, बजाज फाइनेंस 0.29, नेस्ले इंडिया 0.18, सन फार्मा 0.15, टाटा स्टील 0.12, एक्सिस बैंक 0.07, आईसीआईसीआई बैंक 0.02 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर का प्रदर्शन 0.01 प्रतिशत कमजोर रहा।

# जीई एयरोस्पेस 240 करोड़ में पुणे संयंत्र का करेगी विस्तार

नयी दिल्ली। जीई एयरोस्पेस ने पुणे में अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का विस्तार करने और उसे अपग्रेड करने के लिए 240 करोड़ (3 करोड़ डॉलर) से ज्यादा का निवेश करने की घोषणा की है।

कंपनी ने जारी बयान में कहा कि इस निवेश से फैक्ट्री को नई परियोजनायें एवं उत्पादन प्रक्रियाओं को जोड़ने में मदद मिलेगी। इसके लिए नई मशीनों, उपकरणों और स्पेशलाइज्ड टूल्स को खरीदा जाएगा और साथ ही मौजूदा उत्पादों की क्षमता भी बढ़ाई जा सकेगी।

जीई एयरोस्पेस में ग्लोबल सप्लाई चेन के उपाध्यक्ष माइक कॉफमैन ने कहा, पुणे के मल्टी-मोडल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में हमारी टीम का ध्यान सुरक्षा, गुणवत्ता और अपने उपभोक्ताओं को बेहतर प्रॉडक्ट्स की डिलीवरी पर रहता है।

मैं इस साइट का विस्तार होते देखकर काफी खुश हूं। यह प्लांट एयरक्रॉफ्ट के इंजन के अलग-अलग हिस्सों की हमारी ग्लोबल सप्लाई चेन में पहले ही महत्वपूर्ण तरीके से अपना योगदान दे रहा है।''

जीई एयरोस्पेस की पुणे स्थित फैक्ट्री के प्रबंध निदेशक अमोल नागर ने कहा, यह निवेश एयरोस्पेस के क्षेत्र में हमारी क्षमता के विस्तार में मदद करेगा। यह हमें उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए संसाधन प्रदान करेगा, जिसकी हमें जरूरत है।''

इस फैक्ट्री का उद्घाटन फरवरी 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस फैक्ट्री में कमर्शियल जेट इंजन के तरह-तरह के कलपुर्जे बनाए जाते हैं।

इन उपकरणों को दुनिया भर में मौजूद जीई की फैक्ट्रियों में भेजा जाता है, जहां सीएफएम जीई और, सैफरान के संयुक्त उपक्रम में इसका इस्तेमाल विश्व के सबसे शक्तिशाली जेट इंजन के निर्माण में किया जाता है। यह फैक्ट्री एयरोस्पेस के निर्माण के लिए प्रतिभाशाली स्थानीय लोगों के हुनर को निखार रही है। एयरोस्पेस की विशिष्ट और सटीक प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक इस फैक्ट्री में 5000 से ज्यादा स्थानीय लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

### कोलकाता-दिल्ली से सिक्किम के पाक्योंग हवाई अड्डे के लिए उड़ानें फिर बहाल

कोलकाता। किफायती विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कोलकाता और दिल्ली से सिक्किम के पाक्योंग हवाई अड्डे के लिए अपना उड़ान संचालन फिर से शुरू कर दिया। दिल्ली-पाक्योंग मार्ग पर हफ्ते में पांच दिन उड़ानें संचालित होंगी। जबकि कोलकाता-पाक्योंग मार्ग पर प्रतिदिन उड़ानें संचालित होंगी। एयरलाइन ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा, हम आगामी व्यस्त यात्रा सीजन से पहले अयोध्या और पाक्योंग तक कनेक्टिविटी बढ़ाने को लेकर खुश हैं। स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा, बेड़े के विस्तार के साथ हम नए मार्गों पर उड़ानों को शुरू करने और प्रमुख लोगों के लिए सेवाओं को बहाल करने के लिए तैयार हैं। एयरलाइन की सेवाएं 31 मार्च को फिर से शुरू हुईं। पाक्योंग हवाई अड्डे के कार्यवाहक हवाई अड्डा निदेशक (एपीडी) बीटी पोटे ने बताया कि गर्मियों के दौरान पाक्योंग हवाई अड्डे के लिए उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने से हिमालयी राज्य में बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, सेवाएं बहाल होने के बाद से सभी उड़ानें भरी हुई हैं। मौसम बहुत अच्छा है और हम मानसून के दौरान भी हवाई अड्डे तक उड़ानों के रखरखाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी हिस्सों और आसपास के क्षेत्रों से हवाई अड्डे तक सड़क संपर्क भी पर्यटकों की परेशानी मुक्त यात्रा के लिए अच्छा है। टेबल-टॉप रनवे वाले इस हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाओं को कुछ परिचालन कारणों से करीब छह महीने पहले निलंबित कर दिया गया था। स्पाइसजेट ने 2018 में पाक्योंग हवाई अड्डे के लिए उड़ान संचालन शुरू किया था। लेकिन कम दृश्यता सहित विभिन्न परिचालन कारणों से सेवाएं नियमित नहीं रहीं।

### केएफसी का इंटरनेशनल बर्गर फ़ेस्ट




नयी दिल्ली। ग्लोबल फ्लेवर्स से इंसपायर केएफसी का इंटरनेशनल बर्गर फ़ेस्ट शुरू हो गया है। इसमें अलग-अलग तरह के जिंगर बर्गर, अपने अलग स्वाद और फ़्लेवर के साथ मिलेंगे, जो दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से हैं। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि इस फेस्ट में एक नहीं, दो नहीं बल्कि पाँच अलग-अलग जिंगर बर्गर मिलेंगे। इसके अलावा कैरेबियन स्पाइसी जिंगर, पेरी-पेरी बन में गोल्डन फ़िलेट, क्रंची वेज़ीज़, मेल्टेड चीज़ और तीन चिली सॉस भरकर स्पाइसी बनाया गया है। साथ ही मैक्सिकन प्रो जिंगर, सीसेम बन में क्रिस्पी फिलेट, वेज़ीज़, हबानेरो सॉस और मेल्टेड चीज़ से। भारतीय तंदूरी जिंगर, मुलायम सीसेम बन में क्रिस्पी फिलेट, क्रंची वेज़ीज़ और दो जायकेदार सॉस - तंदूरी और मेयो से बनाया गया है।

## इंडोसोल सोलर ने आंध्र प्रदेश में पीवी मॉड्यूल उत्पादन शुरू किया

नयी दिल्ली। सौर ऊर्जा माड्यूल विनिर्माता इंडोसोल सोलर ने कहा है कि उसने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में रामायपट्टनम में पहली पूरी तरह से एकीकृत क्वार्ट्ज से सोलर मॉड्यूल विनिर्माण परियोजना के प्रारंभिक चरण में पीवी मॉड्यूल का उत्पादन शुरू कर दिया है।

कंपनी की एक विज्ञपति के अनुसार परियोजना के प्रथम प्रारंभिक चरण में वार्षिक 500 मेगावाट क्षमता के पीवी माड्यूल की विनिर्माण क्षमता के लिए 1,300 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह परियोजना घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की भारत की महत्वाकांक्षी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत स्थापित की जा रही है। कंपनी ने कहा है कि इस साल 31 मार्च को इस सुविधा का चालू होना, बेहतर गुणवत्ता वाले सौर उत्पाद प्रदान करने की इंडोसोल की प्रतिबद्धता और आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने की इसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पहले चरण के लिए कंपनी को 30 एकड़ भूमि आवंटित की गयी है। इस संयंत्र के पहले चरण में ग्लास-ग्लास और ग्लास-बैक शीट संयोजनों के साथ 500 मेगावाट के पूरी तरह से स्वचालित, सौर पीवी मॉड्यूल का निर्माण करने के लिए सुसज्जित है, जिसमें टॉपकान (टनल ऑक्साइड निष्क्रिय संपर्क) और एचजेटी (हेटरोजंक्शन टेक्नोलॉजी) मॉड्यूल बनाने की क्षमताएं शामिल हैं।

परियोजना पूरी तरह स्थापित हो जाने के बाद यह दुनिया का पहला पूरी तरह से एकीकृत क्वार्ट्ज-टू-मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र होगा और इसकी पूरी क्षमता 30,000 अपस्ट्रीम और 20,000 मेगावाट डाउनस्ट्रीम सुविधाओं के निर्माण की होगी।

पूरी परियोजना को 2028 तक पूरी तरह विकसित करने की योजना है।

इस एकीकृत परियोजना के लिए 8,348 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी जिसमें सहायक उद्योग, टाउनशिप, सड़क और बिजली जैसे सामान्य बुनियादी ढांचे के लिए जगह होगी तथा 33 प्रतिशत हरित क्षेत्र शामिल होगा। इसमें कैप्टिव बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक भूमि शामिल नहीं है।

इंडोसोल सोलर की प्रवर्तक कंपनी शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शरत चंद्र ने कहा, एक बार जब हमारी एकीकृत परियोजना पूरी तरह चालू हो जाएगी तो इंडोसोल सोलर आंध्र प्रदेश राज्य में 32,000 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करते हुए 100,000 लोगों पर सकारात्मक आर्थिक प्रभाव डालेगा। शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने इस परियोजना के लिए इंडोसोल सोलर की स्थापना की है। उसे यहां उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना के तहत दो हिस्सों में कुल 10 गीगावॉट क्षमता की सुविधा के लिए सरकार से कुल 5,170 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है।

## इनडीड ने एआई-पॉवर्ड उत्पाद स्मार्ट सोर्सिंग किया लॉन्च

बेंगलुरु। ग्लोबल जॉब मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म एवं रिक्रूट होल्डिंग्स की सब्सिडियरी, इनडीड ने आज एक नया एआई-पॉवर्ड उत्पाद लॉन्च किया, जो नियुक्ति की प्रक्रिया को सरल बनाकर उसमें तेजी लाएगा।

इनडीड ने स्मार्ट सोर्सिंग के लिए एक एआई-पॉवर्ड टूल पेश किया है, जो नियोक्ताओं को इनडीड पर साझा किए गए प्रोफाइल और रिज़्यूमे के आधार पर लगभग 30 करोड़ कर्मचारियों में से एक सक्रिय प्रतिभा पूल का चयन करने में समर्थ बनाता है। इनडीड का एआई- पॉवर्ड मैचिंग इंजन व्यक्तिगत कौशल, अनुभव और योग्यता के आधार पर तुरंत नौकरी के लिए सबसे अच्छे उम्मीदवारों की सूची प्रदान करता है। नियोक्ता इन उम्मीदवारों के प्रोफाइल की समीक्षा कर सकते हैं, और उनसे सीधे संपर्क कर तुरंत उनकी नियुक्ति कर सकते हैं।

इस उत्पाद में एआई-जनरेटेड आउटरीच फीचर को कस्टमाइज़ किया जा सकता है, जिसकी मदद से संभावित उम्मीदवारों को उनके रिज़्यूम और नौकरी के विवरण के आधार पर व्यक्तिगत संदेश भेजकर उनसे संपर्क करने की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हो जाती है और नियुक्ति की प्रक्रिया में समय की बचत होती है तथा एफिशिएंसी बढ़ती है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि नियोक्ताओं को स्मार्ट सोर्सिंग से अनेक लाभ हैं। यह एआई-पॉवर्ड टेक्नोलॉजी द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया में क्रांतिकारी परिवर्तन लाती है। स्मार्ट सोर्सिंग की मदद से विशेष नौकरियों के लिए सबसे योग्य उम्मीदवारों की प्रभावी मैचिंग द्वारा नियोक्ताओं के हर सप्ताह नियुक्ति और भर्ती की प्रक्रिया में लगने वाले औसतन 8.1 घंटे बचते हैं। नौकरी की विशेष आवश्यकताओं के लिए तुरंत मैचिंग द्वारा सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों की सूची मिलने के साथ 95 प्रतिशत नियोक्ता मानते हैं स्मार्ट सोर्सिंग से नियुक्ति प्रक्रिया में लगने वाला समय काफी कम हो जाता है

## एनएसई को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी का इंतजार

एजेंसी

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा चल रही है लेकिन एनएसई को सेबी से इसके लिए संकेत मिलने का इंतजार है।

एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष चौहान ने आज यहां कहा कि जून 2022 में सेबी ने आईपीओ के आवेदन पर कई सवाल पूछे थे। बाद में उसका जवाब दे दिया गया था लेकिन अब तक कोई संकेत नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि जब सेबी से आईपीओ का संकेत मिलेगा तब उसको लाने की तैयारी की जायेगी।

उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज के संचालन से जब बाजार नियामक अधिक सहज हो जाएगा, तो एक्सचेंज को अपना इश्यू जारी करने के लिए फिर से आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी।

## एक साल पहले की तुलना में शाकाहारी थाली 7 प्रतिशत महंगी

नई दिल्ली। घर में पके शाकाहारी भोजन के थाली की कीमत मार्च में 7 प्रतिशत बढ़कर 27.3 रुपये हो गई, जो 2023 में इसी महीने में 25.5 रुपये थी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि एक मांसाहारी थाली की कीमत इसी अवधि में 59.2 रुपये से 7 प्रतिशत घटकर 54.9 रुपये रह गई। शाकाहारी थाली में रोटी, प्याज, टमाटर, आलू, चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। एक मांसाहारी में थाली में भी समान खाद्य पदार्थ होते हैं लेकिन चिकन (ब्रॉयलर) दाल की जगह ले लेता है। घर में पके हुए भोजन के थाली की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है। क्रिसिल की रोटी चावल रेट रिपोर्ट के अनुसार, प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, 36 प्रतिशत और 22 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली महंगी हो गई।

बाजार में प्याज और आलू की कम आपूर्ति थी और पिछले वित्त वर्ष में टमाटर की कीमतें भी कम सप्लाई के कारण चढ़ी थीं। कम आपूर्ति से चावल की कीमतों में 14 प्रतिशत और दालों की कीमतों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मार्च में एक शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी (27.4 रुपये) की तुलना में एक प्रतिशत गिर गई क्योंकि टमाटर की कीमतों में 2 प्रतिशत की गिरावट आई।

मार्च में एक मांसाहारी थाली सालाना आधार पर सस्ती हुई क्योंकि ब्रॉयलर की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आई। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के शोध निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, पिछले पांच महीनों से शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की थालियों की कीमतों में अंतर बना हुआ है। शर्मा के अनुसार, शाकाहारी थाली साल दर साल महंगी हो गई है, जबकि मांसाहारी थाली सस्ती है। यह अंतर इसलिए है क्योंकि अधिक आपूर्ति के कारण ब्रायलर चिकन की कीमतें गिर गई हैं। फरवरी की तुलना में मार्च में मांसाहारी थाली की कीमत दो प्रतिशत बढ़ी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतों में पांच प्रतिशत का उछाल आया है। रमजान में चिकन मीट की ज्यादा डिमांड है और चारे की लागत बढ़ गई है। शर्मा ने कहा, आने वाले समय में हमारा अनुमान है कि बाजार में ताजा फसल आने से गेहूं की कीमतों में गिरावट आएगी और टमाटर के दाम नरम बने रहेंगे। लेकिन निकट भविष्य में प्याज कीमतों में कुछ मजबूती आ सकती है क्योंकि रबी की फसल में 20 प्रतिशत की गिरावट देखी जा रही है।

## 850 रुपये की उछाल के साथ सोना पहली बार 70000 के पार

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच गुरुवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 850 रुपये की तेजी के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सत्र है जब कीमती धातुओं की कीमतें ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इस दौरान चांदी भी 1,000 रुपए उछलकर 81,700 रुपए प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 850 रुपये की तेजी के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करती दिखी।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोने का भाव 22 डॉलर की तेजी के साथ 2,297 डॉलर प्रति औंस हो गया। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने पुष्टि की कि ब्याज दर में कटौती इस साल किसी बिंदु पर उचित होगी। गांधी के अनुसार व्यापारी पहली दर में कटौती के समय के बजाय दरों में कितनी कटौती होगी उस पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

वैश्विक बाजार में चांदी के भाव भी तेजी के साथ 27.05 डॉलर प्रति औंस हो गया। पिछले सत्र में यह 26.25 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। सौमिल गांधी के अनुसार, अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता के बीच डॉलर में कमजोरी के कारण सोना अपने सर्वकालिक उच्च स्तर के आसपास बना हुआ है, जबकि सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में मांग बढ़ने से भी कीमतों को उड़ान भरने में मदद मिली।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस शोध) नवनीत दमानी ने कहा, औद्योगिक धातुओं में तेजी के बीच चांदी भी घरेलू मोर्चे पर सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। दमानी ने कहा कि मध्य पूर्व में और रूस और यूक्रेन के बीच लगातार भू-राजनीतिक तनाव, ताइवान में विनाशकारी भूकंप आदि के करण बुलियन और अन्य कीमती धातुओं में सुरक्षित निवेश को बढ़ावा मिला।

शेयरखान बाय बीएनपी परिबा के सहायक उपाध्यक्ष (फंडामेंटल करेंसी एंड कमोडिटीज) प्रवीण सिंह ने कहा, गुरुवार को जारी होने वाले साप्ताहिक बेरोजगार दावों सहित प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़े अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति दृष्टिकोण पर अधिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे।

## शार्ट न्यूज

### 'फाइव-ए-साइड' महिला हॉकी गोल्ड कप आज से

**जालंधर।** सुरजीत 5एस (फाइव-ए-साइड) महिला हॉकी गोल्ड कप शुक्रवार से स्थानीय ओलंपियन सुरजीत फाइव-ए-साइड एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क में शुरू होगा। सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इकबाल सिंह संधू ने गुरुवार को बताया कि महिला हॉकी टूर्नामेंट लीग-कम-नॉकआउट के आधार पर खेला जायेगा, जिसमें देश की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि पूल-ए में पंजाब इलेवन, रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत और उत्तर रेलवे दिल्ली जबकि मध्य रेलवे मुंबई, सी.आर.पी.एफ. दिल्ली, हरियाणा इलेवन और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई की टीमों को पूल-बी में रखा गया है। संधू ने बताया कि इस फाइव-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट में 15-5-15 मिनट के कुल 16 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल, तीसरे और चौथे स्थान के मैच और फाइनल मैच सात अप्रैल को खेले जाएंगे। ये मैच स्टेडियम में डे एंड फ्लड लाइट के तहत खेले जायेंगे और दर्शकों के लिये प्रवेश नि:शुल्क होगा। उन्होंने कहा कि टीमों को 2.57 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रसिद्ध खेल प्रमोटर और गाखल ग्रुप अमेरिका के अध्यक्ष अमोलक सिंह गाखल द्वारा प्रायोजित किया गया है, जो हर साल सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की विजेता टीम को 5.51 लाख नकद पुरस्कार देते आ रहे हैं।

### थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का एलान, सिंधू ने वापस लिया नाम

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ ने आगामी थॉमस कप और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम, जबकि उबेर कप में भारतीय महिला टीम चुनौती पेश करेगी। इसमें टीम के तौर पर सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में मलेशिया, जापान, डेनमार्क, इंडोनेशिया जैसी टीमें शामिल होती हैं और चुनौती पेश करती हैं। ओलंपिक की तैयारी के लिहाज से यह टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों के लिए अहम साबित हो सकता है। इस साल ये दोनों टूर्नामेंट 27 अप्रैल से पांच मई तक चीन के चेंगदू में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम थॉमस कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। उसने 2022 में थाईलैंड में खेले गए टूर्नामेंट में 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया की टीम को 3-0 से हराकर पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया था। भारत की वरिष्ठ चयन समिति ने इस सीजन में सभी खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए सिंगल्स में ज्यादा से ज्यादा विकल्प रखने का फैसला किया है। इसके अलावा पीवी सिंधू ने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से पहले ही नाम वापस ले लिया है। उनकी गैरमौजूदगी में चयन समिति ने उबेर कप के लिए एकदम युवा महिला टीम चुनी है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों की घोषणा की। थॉमस कप के लिए 10 सदस्यीय टीम में किरण जॉर्ज नए चेहरा होंगे।

### रोनाल्डो ने 72 घंटे में ली दूसरी हैट्रिक

नई दिल्ली। पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में दूसरी हैट्रिक लगाकर अपने क्लब अल नासेर को सऊदी प्रो लीग में अभा पर 8-0 से बड़ी जीत दिलाई। पांच बार के बैलन डि ओर विजेता रोनाल्डो ने मुकाबले में तीन गोल किए और दो गोल करने में सहायता की। रोनाल्डो ने तीनों गोल पहले हाफ में दागे। नौ बार की सऊदी अरब चैंपियन अल नासेर के लिए इस सत्र में रोनाल्डो की यह तीसरी हैट्रिक है। शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। अल नासेर अभी भी दूसरे स्थान पर है और अल हिलाल से 12 अंक पीछे है, जबकि आठ मैच लीग में अभी खेले जाने बाकी हैं। रोनाल्डो के पहले दो गोल फ्री किक पर आए। 11वें मिनट में उन्होंने जमीनी शॉट लगाकर गोल भेदा। 10 मिनट बाद उन्होंने खिलाड़ियों की दीवार के ऊपर से बाएं छोर से किक लगाकर गोल किया। उन्होंने फिर सादियो माने के गोल में मदद की। पहला हाफ खत्म होने से तीन मिनट पहले रोनाल्डो ने अपनी हैट्रिक पूरी की। हालांकि मध्यांतर के बाद वह मैदान पर नहीं उतरे। अलसुलाहिम ने पहले हाफ से एक मिनट पहले गोलकर अल नासेर की बढ़त 5-0 की।

### ईरान में आतंकवादियों से मुठभेड़ में तीन सुरक्षा बल अधिकारी मारे गये

तेहरान। दक्षिणीपूर्वी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांतों के रास्क और चाबहार शहरों में सुरक्षा बलों और जैश अल-अदल आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन अधिकारी मारे गये। डिप्टी गवर्नर अलीरेजा मरखामती ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले आतंकवादियों के ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड कोर (आईआरजीसी) के मुख्यालय पर घुसने का प्रयास किया था। तभी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गोलीबारी करके उनकी योजना को नाकाम कर दिया। ईरानियन न्यूज वेबसाइट जमरान ने श्री मरखामती के हवाले से कहा, सुरक्षा बल के तीन अधिकारी जैश अल-अदल के साथ मुठभेड़ में मारे गये। उन्होंने बताया कि सुन्नी आतंकवादी समूह जैश अल-अदल ने सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांतों की स्वतंत्रता के लिये अंतरराष्ट्रीय समयानुसार बुधवार शाम चाबहार पुलिस थाने पर करीब छह बजे हमला शुरू किया और कहा कि ईरान में आतंकवादी समूह का संबंध इजरायल से है। उन्होंने बताया कि इस हमले में कई आतंकवादी मारे गये और घायल हुए हैं, लेकिन अभी आतंकवादियों के मरने की सटीक संख्या का पता नहीं चला है। ईरान के आईआरजीसी ने कहा कि सोमवार को इजरायल द्वारा दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमले में दो कमांडर सहित दूतावास के सात सदस्य मारे गये और इमारत ध्वस्त हो गयी। मंगलवार को सीरिया स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में सीरिया के भी चार लोग मारे गये और 13 से अधिक लोग घायल हो गये।

### भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हुई



ताइपे/बीजिंग। चीन के ताइवान में बुधवार सुबह आए 7.3 की तीव्रता वाले भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गयी है वहीं 1,011 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय आपातकालीन केंद्र के अनुसार ताइवान के हुलियेन काउंटी के पास आये भूकंप के बाद 100 से अधिक लोग फंस गये। बचावकर्मियों ने हुलियेन में रात 10 बजे तक एक इमारत के मलबे में फंसे 25 निवासियों में से 24 को बचा लिया गया था। भूकंप के बाद पूरे ताइवान में करीब 28 इमारतें ढह गईं, जिनमें से 17 हुलियेन काउंटी में स्थित थीं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बिजली कटौती से 360,000 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं, साथ ही पानी की कटौती से 120,000 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। ताइवान परिवहन अधिकारियों के एक अधिकारी के अनुसार यिलान काउंटी और हुलियेन को जोड़ने वाली रेलवे लाइन गंभीर रूप से बाधित हो गयी है तथा कई जगहों पर चट्टानें टूटने और गिरने की सूचना मिली है। हुलियेन में लगातार आ रहे झटकों के कारण मरम्मत कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने में बाधा आ रही है।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया

**एजेंसी**

हैमिल्टन। टैमी ब्यूमोंट की 81 रनों की शानदार पारी और उसके बाद नेट साइवर-ब्रंट की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला चैंपियनशिप के दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया दिया है।

253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम ने अपने शुरुआती चार विकेट 66रन के स्कोर पर गवां दिये थे। जॉर्जिया प्लिमर सात रन, सुजी बेट्स 28 रन, अमेलिया केर 14 रन और मैडी ग्रीन सात रन बनाकर आउट हुई। एक समय ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैड की टीम जल्द ही सिमट जायेगी। ऐसे संकट के समय में ब्रूक हॉलिडे और इसाबेला गाजे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच बीच पांचवें विकेट लिये 100 रनों की साझेदारी हुई। इसाबेला गाजे 47 रन पर आउट हुई। वहीं ब्रूक हॉलिडे ने टीम के लिए सर्वाधिक 57 रनों की पारी खेली। हन्ना रोवे 16रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद न्यूजीलैंड की कोई भी बल्लेबाज पिच नहीं टिक सकी और पूरी टीम 45 ओवर में 196 रन ही बना सकी और उसे 56 रन से हार का




सामना करना पड़ा।

इंग्लैंड की ओर से नेट साइवर-ब्रंट ने तीन विकेट लिये। केट क्रॉस, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट और मैया बाउचर की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 37 रन बनाये। बाउचर 20 रन बनाकर आउट हुई। उसके बाद कप्तान हीदर नाइट ने पारी को संभाला और ब्यूमोंट के साथ 70 रनों की साझेदारी की। नाइट 37 रनों की पारी खेली।

इसके बाद ऐलिस कैप्सी ने छह रन, नेट साइवर-ब्रंट और डैनी व्याट दो-दो रन बनाकर आउट हुई। एमी जोन्स ने 40 गेंदों में 48 रन, सोफी एक्लेस्टोन 14 रन और केट क्रॉस 20 रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को 49 ओवर में 252 रन पर समेट दिया।

न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर, ली ताहुहु, फ्रान जोनास और सुजी बेट्स ने दो-दो विकेट झटके। हन्ना रोवे और अमेलिया केर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये। हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे।

वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े



पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।

सलीमा ने गुरुवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, पुरस्कार ने मेरे अंदर और भी बेहतर प्रदर्शन करने की इच्छा पैदा की है। मेरी योजना प्रशिक्षण शिविर में एक मिनट भी न चूकने और हर सत्र में अपना शतप्रतिशत देने की है। मुझे पता है कि मैंने पुरस्कार जीता है, लेकिन यह भी है अब मेरे लिए यह जिम्मेदारी है कि मैं इस सम्मान पर खरा उतरूं और आगे भी बढ़ूं और सुधार करूं। उल्लेखनीय है कि छठे वार्षिक हॉकी इंडिया पुरस्कार 2023 की घोषणा 31 मार्च को की गई। इस समारोह में सलीमा टेटे और हार्दिक सिंह को वर्ष 2023 की महिला और पुरुष खिलाड़ी के रूप में चुना गया था।

### रोजमेरी मायर इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज बाहर

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज रोजमेरी मायर पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड को टीम में बुलाया गया है। मायर ने इससे पहले हुई टी-20 सीरीज के सभी पांच खेले थे और 7.56 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए थे। पहले एकदिवसीय मुकाबले से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें पीठ में दर्द महसूस हुआ और इसके बाद वह मैच नहीं खेल सकीं थी। वह दूसरे एकदिवसीय के लिए टीम के साथ हैमिल्टन गईं। लेकिन वह बुधवार को अभ्यास नहीं कर पाई। उसके बाद यह फैसला लिया गया। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी रोजमेरी के नहीं खेल पाने से निराश हैं वह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी श्रृंखला में टीम की प्रमुख सदस्य रही थी। बंगलादेश में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दौरे को लेकर हम सतर्क रहना चाहते हैं और रोजमेरी को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 77 रनों से हराया

मीरपुर। कप्तान अलिसा हीली 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के नाबाद 43 रनों की शानदार पारियों और उसके बाद कातिलाना गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में बंगलादेश को 77 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है।

बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम के खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने पिच पर टिक नहीं दिया। उसके लगातार विकेट गिरते गये। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। दिलारा अख्तर 10 रन और फाहिमा खातून 11 रन बनाने वालों में थी शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 18.1 ओवर में 78 रन पर सिमट गई और उसे 77 रनों से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से हराने के बाद टी-20 सीरीज में भी बंगलादेश




का सफाया कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टाएला व्लेमिंक ने तीन विकेट लिये। जॉर्जिया वेयरहम ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। मेगन शूट, एलिस पेरी, एश्ली गार्डनर, सोफी मोलिन्यू और ऐनाबेल सदरलैंड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान अलिसा हीली 29 गेंदों में 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के 29 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 155 रन का स्कोर खड़ा किया था। बेथ मूनी 10 रन, एश्ली गार्डनर 16 रन, एलिस पेरी आठ रन, जॉर्जिया वेयरहम चार रन और ग्रेस हैरिस ने 19 रनों का योगदान दिया।

बंगलादेश की ओर से नाहिदा अख्तर ने तीन विकेट लिये। शोरिफा खातून और राबेया खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ईरान के चाबहार में आतंकी हमला, 27 की मौत

**इनमें 11 सुरक्षाकर्मी; ईरानी बॉर्डर गार्ड्स के हेडक्वार्टर पर कब्जा करना चाहते थे आतंकी**



तहरान। ईरान के चाबहार और रस्क शहर में आतंकी हमला हुआ है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 11 सुरक्षाकर्मियों और 16 आम नागरिकों की मौत हुई है। वहीं करीब 10 सिक्योरिटी अधिकारी घायल हुए हैं।

ईरान के स्टेट मीडिया ने बताया कि हमला बुधवार रात को हुआ था। हालांकि इसकी जानकारी अब सामने आई है।

हमले को जैश-अल-अदल के आतंकियों ने अंजाम दिया। मरने वालों में 2 पुलिस अधिकारी, 2 बॉर्डर गार्ड्स और 7 सैनिक शामिल हैं। ईरान के डिप्टी आंतरिक मंत्री माजिद मीराहमादी ने बताया कि आतंकी चाबहार में मौजूद बॉर्डर गार्ड्स के हेडक्वार्टर पर कब्जा करना चाहते थे।

हालांकि वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। ईरान के मीडिया IRNA ने बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने अब तक 15 आतंकियों को मार गिराया है।

ईरान में हुए हमले की पाकिस्तान ने निंदा की है। पाकिस्तानी राजदूत मुदस्सिर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, ईरान पर हुए 2 आतंकी हमलों में कई सुरक्षा अधिकारी मारे गए। हम आतंक के खिलाफ लड़ाई में ईरान के साथ हैं।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ लगी ईरान की सीमाओं पर लंबे समय से आतंकी हमले होते रहे हैं। इस दौरान कई बार ईरान के सैनिकों की सुन्नी आतंकवादियों और ड्रग्स तस्करों से झड़प भी हुई है। पिछले साल दिसंबर में आतंकियों ने ईरान के रस्क शहर में ही एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया था। इसमें 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी।

ईरान ने 16 जनवरी को पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जैश-अल-अदल आतंकी संगठन के 2 ठिकानों पर मिसाइल से हमला किया था। पाकिस्तान ने दावा किया था कि इस हमले में 2 बच्चों की मौत हो गई।

इस हमले के अगले ही दिन पाकिस्तान ने ईरान में बलूच लिबरेशन आर्मी के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। पाक ने दावा किया था कि सिस्तान-बलूचिस्तान में एयरस्ट्राइक में कई आतंकी मारे गए। ईरान एक शिया बहुल देश है। ऐसे में पाकिस्तान के सुन्नी संगठन ईरान का विरोध करते रहे हैं।

इन्हीं में से एक है बलूचिस्तान का जैश अल अदल संगठन। इसके आतंकी कई बार ईरान की सीमा में घुसकर वहां की सेना पर हमले कर चुके हैं। जैश अल अदल के ज्यादातर आतंकी दूसरे पाकिस्तानी आतंकी संगठनों से आए हैं।

### 2021 में भी की थी ईरान ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक

2021 में एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि ईरानी सेना के कमांडोज ने 2 फरवरी 2021 की रात पाकिस्तान में दाखिल होकर एक सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया। दरअसल, जैश-अल अदल ने ईरान के दो सैनिकों को अगवा कर लिया था। इनको छुड़ाने के लिए कमांडोज ने ऑपरेशन को अंजाम दिया था। जैश अल अदल ने फरवरी 2019 में भी ईरानी सैनिकों की बस पर हमला किया था। इस हमले में कई ईरानी सैनिक मारे गए थे और दर्जनों घायल हुए थे। अक्टूबर 2018 में इस आतंकवादी संगठन ने 14 ईरानी सैनिकों का अपहरण भी कर लिया था। ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के मीरजावेह बॉर्डर पर इस घटना को अंजाम दिया गया था। इनमें से 5 सैनिकों को एक महीने बाद छोड़ दिया गया था।

### जापान के पूर्व मंत्री सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर लगाया तानाशाही का आरोप

टोक्यो। जापान के पूर्व शिक्षा मंत्री रयू शियोनोया ने पार्टी नेताओं पर तानाशाही प्रबंधन तरीकों को अपनाने का आरोप लगाया है और प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से कि कबैक घोटाले की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया है। इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि शियोनोया को गुरुवार को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा सकता है। शियोनोया को एलडीपी गुट के कुछ अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ (जिसका नेतृत्व पहले दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने किया था) अनुशासनात्मक आयोग में दूसरी सबसे कड़ी सजा मिलने की उम्मीद है, जिसे किकबैक घोटाले रिश्वत लेने के लिए पार्टी छोड़ने के लिए आवेदन करने के लिए कहा जा सकता है। जापान के न्यूज चैनल एनएचके ने श्री शियोनोया के लिखित बयान के हवाले से कहा, मैं पार्टी के तानाशाही और अत्याचारी प्रबंधन का कड़ा विरोध करता हूं। पूर्व मंत्री ने एलडीपी नेता किशिदा के प्रति भी अपना आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री किशिदा ( जिन्होंने उस गुट का नेतृत्व किया, जिसके अकाउंटेंट पर मुकदमा चलाया जा रहा है) को नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी उठानी होगी।

### ईरान में थानों पर हमला करने वाले 15 आतंकवादी मारे गये

तेहरान। ईरान के दक्षिण पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान के रस्क और चाह बहार शहरों में दो थानों पर हमला करने वाले जैश अल-अदल आतंकवादी समूह के 15 सदस्य पुलिस के एक अभियान में मारे गये। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ग्राउंड फोर्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, ईरान के उप गृह मंत्री सैयद माजिद मिरहमादी ने बताया कि आतंकवादियों के साथ संघर्ष में आईआरजीसी और पुलिस के पांच अधिकारी मारे गये और लगभग 10 घायल हो गये। सिस्तान और बलूचिस्तान के उप गवर्नर अलीरेजा मरखामती ने कहा कि हमलावरों ने आईआरजीसी मुख्यालय में घुसपैठ करने की योजना बनायी थी, लेकिन कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ मुठभेड़ के कारण वे घुसपैठ नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि हमला स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजे शुरू हुआ। जैश अल-अदल समूह के इजरायल के साथ संबंध हैं। ईरानी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने मोहम्मद पाकपोर के हवाले से कहा, तीन और सशस्त्र आतंकवादियों के खात्मे के साथ मरने वाले आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 15 हो गयी है। इजरायल ने दमिश्क में सोमवार को ईरानी दूतावास की इमारत पर हवाई हमला किया, जिससे इमारत नष्ट हो गयी।

### म्यांमार में सैन्य शासन विरोधी गुटों ने बड़े पैमाने पर किये ड्रोन हमले

ने प्यी तॉ। म्यांमार में सैन्य शासन जुंटा के विरोधी गुटों ने राजधानी ने प्यी ताव में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले का आदेश दिया है। नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) ने गुरुवार को यहां बताया कि उसके आदेश पर विस्फोटकों से लैस 29 ड्रोनों ने हवाई अड्डे, वायु सेना अड्डे और सैन्य मुख्यालय को निशाना बनाया। सेना ने बताया कि उन्होंने सात ड्रोन मार गिराये, जिनमें से एक हवाईअड्डे के रनवे पर फट गया। अधिकारियों ने बताया कि हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एनयूजी पहले आंग सान सू की के नेतृत्व वाली निर्वाचित नागरिक सरकार का प्रतिनिधित्व करती थी, जिसे 2021 में तख्तापलट करके गिरा दिया गया था। उस समय से यह और अन्य विपक्षी समूह जुंटा शासन से लड़ रहे हैं, तथा उन्होंने देश के बड़े हिस्से को सेना से छीनना शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार देश में तीन साल से जारी गृह युद्ध में हजारों लोग मारे गये और लगभग 26 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। राजधानी पर गुरुवार सुबह का हमला विरोधी समूहों की एक और साहसिक घुसपैठ का प्रतीक है, जो जुंटा पर तेजी से प्रभावी विरोध बढ़ा रहे हैं। एनयूजी के प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्होंने इस अभियान को अंजाम देने के लिए कई रक्षा समूहों के साथ योजना और रणनीति बनायी है।

## पाकिस्तान में जजों को जहर वाले लेटर मिले

**हाईकोर्ट के 8 और सुप्रीम कोर्ट के 4 जजों को खत मिले**

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों को कुछ लेटर मिले हैं। इनमें कथित तौर पर जहरीला पदार्थ है। सभी लेटर में एक ही तरह की बातें लिखी हुई हैं। इनमें कहा गया है कि मुल्क की अदालतें फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करती हैं।

खास बात यह है कि इस मामले की जांच के लिए एक रिटायर्ड जज को अपॉइंट किया गया था, लेकिन उन्होंने जांच से इनकार कर दिया। अब सुप्रीम कोर्ट की बेंच इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है।

मंगलवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट के सभी 8 जजों को यह लेटर मिले। इन्हें



अंग्रेजी में लिखा गया है और पाकिस्तान के जस्टिस सिस्टम को बेकार बताया गया है। इस्लामाबाद पुलिस ने इस मामले में दर्ज एफआईआर में लिखा है कि खत में कथित तौर पर धमकी दी गई है कि इसमें बेसिलस एंथ्रासिस है और इससे एंथ्रेक्स जैसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी हो सकती है।

बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के चार जजों को भी इसी तरह के खत भेजे गए। इसमें चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा भी शामिल हैं। लाहौर हाईकोर्ट के पांच जजों को भी इस तरह के लेटर भेजे गए। पुलिस के मुताबिक- इसमें कथित तौर पर जहरीला पदार्थ है।

जजों को भेजे गए लेटर्स की जिम्मेदारी 'तहरीक-ए-नामूस' नाम के संगठन ने ली है। इन सभी लेटर्स को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि वास्तव में इन लेटर्स में जो सफेद पाउडर है, वो कौन सा केमिकल है।

### फिलिस्तीन ने संरा से की पूर्ण सदस्य राज्य का दर्जा देने की मांग

संयुक्त राष्ट। युद्धग्रस्त फ़िलिस्तीन ने आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र में पूर्ण सदस्य राज्य दर्जा देने की मांग फिर से की है। फिलिस्तानी का कहना है कि गाजा में इज़रायल के हमले के मद्देनजर यह आवश्यक है। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार फिलिस्तीन ने मंगलार को पूर्ण सदस्यता हासिल करने के लिए पैरवी की, जो फिलिस्तीनी राज्य की मान्यता के बराबर होगी। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को मंगलवार को लिखे पत्र में संरा के दूत रियाद मंसूर ने फिलिस्तीनी नेतृत्व के निर्देशों परअनुरोध किया कि इस संबंध में 2011 के आवेदन पर पुनर्विचार किया जाए।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# चुनाव का पर्व, देश का गर्व : हर मतदाता करे अपने मताधिकार का उपयोग : एडीसी

## लघु सचिवालय सभागार में स्वीप कार्यक्रम को लेकर वर्कशाप आयोजित

**ललित गोठवाल**

झज्जर। स्वीप अभियान की नोडल ऑफिसर एवं एडीसी सलोनी शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूप में स्वीप ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला के शिक्षण संस्थानों के एनसीसी, एनएसएस, कोऑर्डिनेटर शामिल हुए। इस दौरान स्वीप (मतदाता जागरूकता अभियान) के बारे में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से साझा की गई। एडीसी ने बताया कि स्वीप गतिविधियों में शैक्षणिक संस्थानों का अहम रोल है और इसी के मद्देनजर जिला के शिक्षण संस्थानों के एनसीसी व एनएसएस विंग को शामिल किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान जागरूकता अभियान चलाने के लिए रणनीति तैयार की गई जिसके तहत प्रभावी तरीके से समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक किया जाएगा। एडीसी ने बताया कि सेमिनार व रैली का आयोजन करके सार्वजनिक स्थलों पर वोटर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। इसके अलावा समाज के विभिन्न वर्गों जैसे महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं



दिव्यांगजनों आदि के लिए अलग से रणनीति तैयार कर इन्हें जागरूक किया जाएगा। जिला के सरकारी विभागों से जारी होने वाले पास व टिकट पर भी स्वीप गतिविधियों से जुड़ी जानकारी प्रकाशित की जाएगी। एडीसी ने कहा कि समाज में प्राध्यापकों की अहम भूमिका होती है व विद्यार्थी अपने गुरु की बात को गंभीरता से लेते हैं। ऐसे में शिक्षण संस्थान वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने व 18 वर्ष की उम्र से अधिक युवाओं के वोट बनवाने में सबसे अहम भूमिका अदा करते हुए समाज के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं।

### कम मतदान वाले करें फोकस

ट्रेनिंग दौरान इन बूथों की भी जानकारी दी गई जिस पर बीते चुनाव में अपेक्षाकृत कम पोलिंग हुई थी। प्राध्यापकों को ऐसे बूथों पर विशेष तौर पर कार्य करने के लिए कहा गया ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। सुबह के वक्त पार्क में जाकर बुजुर्गों व अन्य वर्ग के लोगों को जागरूक किया जाएगा व महिलाओं के समूहों को भी जागरूक करने के लिए महिला प्राध्यापकों से अपील की गई है।

### स्वीप के तहत होगा ईवीएम का डेमोंस्ट्रेशन

स्वीप अभियान आमजन व मतदाता दोनों को जागरूक करने के लिए है। इसके तहत जिला के सार्वजनिक स्थानों पर ईवीएम का डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा। इस गतिविधि को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बुजुर्ग मतदाताओं को वोटिंग मशीन में वोट डालने की प्रक्रिया से अवगत करवाना है।

# कादयान खाप 16 ने बेरी में महिला कालेज बनाने की जताई इच्छा

## बोले किसी से साथ नहीं मिला तो स्वंय चंदा एकत्रित करके रखेंगे कालेज की नींव

**ललित गोठवाल**

**झज्जर।** वीरवार को रोहतक रोड स्थित एक रेस्तरां में कादयान खाप 16 से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। खुद को कादयान खाप का प्रधान बताने वाले बाघपुर निवासी राजपाल ने बताया कि उनकी खाप में 36 बिरादरी के लोग शामिल हैं, 16 गांवों की इस खाप में 22 पंचायतें आती है। प्रत्येक पंचायत से तीन जरनल, एक एससी व एक बीसी यानी पांच लोगों को खाप में शामिल किया गया है। कादयान खाप 16 ने सर्व समिति से यह फैसला लिया है कि वह बेरी में बेटियों के लिए एक महिला कालेज का निर्माण करवाएंगे। ऐसे में खाप कालेज बनाने में हर संभव प्रयास करेगी। अगर किसी दुर्भाग्यवश सरकार से कोई मदद नहीं भी मिल पाई तो ऐसे में कादयान खाप स्वंय चंदा एकत्रित करके महिला कालेज बनाने का काम करेगी। खाप प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि बेरी क्षेत्र में बढ़ते हुए नशे पर रोकथाम लगाने के लिए वह स्कूलों तथा कालेजों में जाकर विद्यार्थियों को भी जागरूक करेंगे। ताकि उन्हें सही समय में नशे से बचाया जा सके। और साथ ही अवैध रूप से चलाए जा रहे शराब के ठेकों को भी



प्रशासन के सहयोग से जड़ से खत्म करने का काम करेगी। इसके अलावा जिस क्षेत्र में सरकारी शराब के ठेके है, उस क्षेत्र से संबंधित सरपंच से रेजुलेशन पास करवाकर आबकारी विभाग को दिया जाएगा। और खाप की कोशिश रहेगी कि उनके 16 गांव में नशे की एंट्री न हो। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन की मदद भी ली जाएगी।

इसी क्रम में खाप कुछ समय पहले पुलिस उपायुक्त डा. अर्पित जैन से भी मिल चुकी है, उन्होंने खाप को आश्वासन दिया है कि प्रशासन के द्वारा खाप की हर संभव मदद की जाएगी।

### सम्राट हर्षवर्धन के समय से चली आ रही है कादयान खाप

कादयान खाप 16 प्रधान राजपाल ने बताया कि कादयान खाप का चलन बरसों पुराना है यह खाप सम्राट हर्षवर्धन के समय से चली आ रही है। उस समय खाप का इतना अधिक महत्व होता था कि सम्राट भी बिना खाप की अनुमति के कोई निर्णय नहीं लेते थे। इसके अलावा युद्ध, निकासी जैसे बड़े फैसले भी खाप के निर्णय पर ही आधारित होते थे। बरसों से कादयान खाप किसी अन्य पर निर्भर नहीं रही है। वह अपने फैसले स्वंय लेने का सामर्थ्य रखती आई है।

### खाप की प्रधानी को लेकर कुछ समय से आ रही अटकलो को प्रतिनिधियों ने किया दूर

खाप प्रतिनिधियों ने बताया कि अब से पहले कादयान खाप के प्रधान केदार कादयान थे। जिन्होंने करीब दस साल प्रधान के रूप में खाप की बागडोर संभाली थी। 12 मई 2022 को उनके निधन के बाद कोरोना महामारी के चलते कादयान खाप का कोई चुनाव नहीं हुआ। दरअसल, उनकी तेहरवीं के दिन से ही कादयान खाप के प्रधान को लेकर मंथन शुरू हो गया था। 17 मार्च 2024 को खाप के द्वारा बुलाई बैठक में सर्व समिति ने चुनाव के जरिए राजपाल बाघपुर को प्रधान चुना। कादयान खाप 16 के द्वारा कुछ नियम भी बनाए गए है, जो इस प्रकार है। प्रधान नियुक्त होने के बाद वह पांच साल तक खाप की जिम्मेदारी संभालेगा। प्रधान पद के उम्मीदवार की उम्र 60 वर्ष होना अनिवार्य है।

### खाप के द्वारा जल्द होगा 36 बिरादरी भाईचारा मिलन समारोह

खाप प्रतिनिधियों ने बताया कि वह जल्द ही 36 बिरादरी भाईचारा मिलन समारोह का आयोजन करने जा रही है। ताकि कादयान खाप को शिखर तक पहुंचाया जा सके। इसमें सभी जाति के लोग शामिल होंगे। अभी इसके लिए कोई स्थान व समय निश्चित नहीं किया गया है।

बैठक करके स्थान निर्धारित होने के बाद इसकी सूचना दे दी जाएगी। चुनाव के दौरान चुने गए प्रतिनिधियों में खाप प्रधान राजपाल कादयान बाघपत, सेक्रेटरी सुखचंद कादयान को चुना गया है।

# अयोध्या, काशी के बाद अब फोकस मथुरा-वृंदावन पर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में विजय संकल्प नामांकन सभा को किया संबोधित

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा और वृंदावन पर सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने न्यायालयों में चल रहे मामलों में भी जीत मिलने की उम्मीद जताई। साथ ही कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों को चेतावनी भी दी कि मातृ शक्ति का अपमान करने वालों को पूरा देश सबक सिखाने के लिए तैयार है। सीएम ने कहा कि मथुरा राधा रानी और यमुना मइया की भूमि है। यहां मातृशक्ति पर ओछी टिप्पणी करने वालों को भगवान भी बचा पाएंगे या नहीं, इसमें भी संदेह है। मुख्यमंत्री गुरुवार को यहां सेठ बी.एन. पोद्दार इण्टर कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान सांसद और बीजेपी की ओर से लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में प्रचार किया। सीएम योगी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं।

### राजनीति करने लायक नहीं रहेंगे इंडी गठबंधन वाले

मुख्यमंत्री ने वर्तमान सांसद हेमा मालिनी को तीसरी बार प्रतिष्ठित मथुरा सीट से नामांकन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार हेमा जी यहां से प्रत्याशी बनी हैं तो दूसरी पार्टियों के पास प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिल रहे। उन्हें उधार में प्रत्याशी लेने पड़ रहे हैं और जब उधार में भी नहीं मिल रहे तो कांग्रेस के नेता अपना आपा खो चुके हैं। मातृ शक्ति पर अपमानजनक टिप्पणी करके आधी आबादी का अपमान करने पर उतारू हो चुके हैं। मगर इंडी गठबंधन वालों को जानकारी होनी चाहिए कि ये राधे रानी और यमुना मइया की भूमि है। अगर आधी आबादी का अपमान करोगे तो पूरा भारत ऐसा सबक सिखाएगा कि राजनीति करने लायक नहीं रहोगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, मगर इसका मतलब ये नहीं कि हम मातृशक्ति का अपमान करे।

### कांग्रेसियों को भगवान भी बचा पाएगा या नहीं, इसपर संदेह

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें व्यक्तिगत रूप से कोई पसंद हो न हो, मगर हम कला, संस्कृति और जाति को टार्गेट नहीं कर सकते। अगर कोई ऐसा कर रहा है तो वो अपने लिए खुद गड्ढा खोद रहा है। उन्होंने कहा कि मथुरा कला की भूमि है। भगवान कृष्ण ने 16 कलाओं के साथ यहीं पर अवतार लिया है। कला का सम्मान करने के लिए इससे अच्छी भूमि कौन हो सकती है।

# अमित शाह के दौरे के बाद पश्चिम के सियासी पारे में उछाल

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सियासी सरगर्मी में जबरदस्त तेजी आयी है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति में खेत-खलिहान और धरती पुत्रों का अहम दख़ल रहता है। यहां पहले दूसरे चरण के चुनाव 19 तथा 26 अप्रैल को होने हैं। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही सभी राजनीतिक दल अपने-अपने प्रचार अभियान को तेज़ करने में जुट गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुरादाबाद में मेरठ, सहारनपुर और मुरादाबाद मंडलों के भाजपा संगठन से जुड़े पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे मे फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे चुके हैं।

क़रीब ढाई महीने तक उत्तर प्रदेश में चलने वाली चुनावी प्रक्रिया को मद्देनजर रखते हुए सभी प्रमुख राजनीतिक दल सभी सीटों पर धुंआधार प्रचार की रणनीति के तहत चुनाव अभियान में लगे हुए हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद, रामपुर, नगीना, बिजनौर , सहारनपुर, बुलंदशहर, कैराना और मुजफ्फरनगर समेत आठ सीटों पर 19 अप्रैल को चुनाव होगा।

वहीं दूसरे चरण में मेरठ, अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के 14 जिले की दलित मुस्लिम बाहुल्य आबादी की एकजुटता के चलते समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) गठबंधन ने 2019 में 14 में से सात सीटों पर जीत दर्ज की थी। मुस्लिम बाहुल्य उक्त सीटों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अमरोहा, नगीना, बिजनौर तथा सहारनपुर और उसके गठबंधन सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) ने मुरादाबाद, रामपुर तथा संभल सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि यह दीगर बात है कि उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने समाजवादी पार्टी (सपा) को शिकस्त देकर रामपुर सीट अपने नाम कर ली थी। इस बार उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अकेले चुनाव मैदान में है।

वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस गठबंधन एक साथ हैं, जबकि राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव में इंडिया गठबंधन लोकतंत्र बचाओ की हुंकार भर रहा है तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में रैली से चुनावी श्रीगणेश करते हुए भ्रष्टाचार खत्म करने की पीएम मोदी की गारंटी के साथ चुनावी शंखनाद किया है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश में दलित मतदाताओं की ख़ासी आबादी है तो वहीं दूसरी ओर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 23 से 42 फीसदी है। इसलिए दलित-मुस्लिम गठजोड़ हमेशा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भारी पड़ता रहा है। गठजोड़ की वज़ह से 2019 के लोकसभा चुनाव में अमरोहा, बिजनौर, नगीना सहारनपुर जैसी मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीटों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जीत का परचम लहराया था जबकि उसके गठबंधन सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) को मुरादाबाद, रामपुर और संभल सीट पर जीत मिली थी। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मेरठ, अलीगढ़, बुलंदशहर, बागपत तथा मुजफ्फरनगर सीटों पर जीत दर्ज कराई थी।

# बूथ की मजबूती से परिणाम में बदलेगा भाजपा के पक्ष में बना माहौल : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर, बांसगांव और संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति की बैठक में सीएम योगी ने दिया जीत का मंत्र

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होली के तुरंत बाद से ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिये युद्ध स्तरीय चुनाव प्रचार में लगे हैं। इसके साथ ही पूरब क्षेत्र पर भी उनका पूरा ध्यान है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में उन्होंने चुनावी रणनीति को धार दी तो गुरुवार को इसी सिलसिले में गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोरखपुर, बांसगांव व संतकबीरनगर लोकसभा के लिए भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दिया।

गोकुल अतिथि भवन में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव संचालन समिति के जिम्मेदारों से कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। लोकसभा चुनाव का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा। जरूरत बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की है। बूथ जितना मजबूत होगा, परिणाम भी उतना ही जबरदस्त आएगा। बूथ को जीतना ही चुनाव जीतने का सबसे कारगर फॉर्मूला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर, चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए। इसलिए हमें अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा।

सीएम योगी ने कहा कि सिर्फ आंकड़ों पर विश्वास करके निश्चिंत नहीं बैठना है बल्कि लोकसभा चुनाव में वोट और बूथ केंद्रित व्यवस्था पर अधिक ध्यान



देना है। बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और सामाजिक टोली भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। बूथ समिति के पास संबंधित बूथ के एक एक वोटर का ब्योरा होना चाहिए। पन्ना प्रमुखों का उस ब्योरे के अनुरूप मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क और संबंध होना चाहिए। हर मतदाता से अधिकाधिक और बारंबार संपर्क होना चाहिए। बूथ क्षेत्र में जितने घर हैं, उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन को दें।

जिन विकास कार्यों को हम बोल रहे हैं, उसे जनता बोलने लगे तो हमारा कार्य आसान हो जाएगा। इसके समानांतर सामाजिक टोली समाज के हर वर्गों के लोगों तक जनसंपर्क करती रहे। निरंतर जनसंपर्क की जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी उठानी है।

शिक्षक, अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक, व्यापारी, सामाजिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संगठन सबसे मिलना है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बताकर फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को साकार करना है। इसके लिए भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि स्थानीय स्तर पर पूरी ताकत झोंक दें।

### आधी आबादी से सघन संपर्क करे महिला मोर्चा, युवाओं के बीच भाजयुमो

सीएम योगी ने कहा कि चुनाव में महिला मोर्चा के पास भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। महिला मोर्चा की पदाधिकारी आधी आबादी के बीच जाकर सघन जनसंपर्क करें। उन्हें मोदी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर हुए अभूतपूर्व कार्यों से रूबरू कराएं। उन्हें मतदान के दिन बूथ तक पहुंचने और कमल निशान का बटन दबाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर युवाओं के बीच जाने के लिए भाजयुमो की टीम को लगाया जाए।

### विकास, जनकल्याण और आस्था के सम्मान का त्रयसूत्र जन-जन तक पहुंचाएं

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने विकास, जनकल्याण और आस्था के सम्मान के मुद्दे पर ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कार्य किए हैं। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में प्रभु राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। हर पात्र को आवास, शौचालय, आयुष्मान, उज्ज्वला, सौभाग्य, पेंशन समेत अनेक योजनाओं का लाभ मिला है। युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार तो किसानों को बढ़ी हुई एमएसपी और सम्मान निधि मिल रही है। देश में 80 करोड़ तथा यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है। विकास, जनकल्याण और आस्था के सम्मान का त्रयसूत्र लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत का आधार बनेगा। आवश्यकता है कि हम जनता के बीच इन उपलब्धियों का बार बार स्मरण कराएं।

### हर विधानसभा क्षेत्र में हो टिफिन बैठक

सीएम योगी ने कहा कि चुनाव में जनसंपर्क और आपसी संवाद लगातार होते रहना चाहिए। इसके लिए स्थानीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर हर विधानसभा क्षेत्र में टिफिन बैठक करें। इस बैठक में चुनाव को लेकर अब तक हुए कार्य और आगे के कार्यों पर मंथन हो।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर बूथ के कार्यों का होगा सत्यापन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छह अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस पर अन्य कार्यक्रमों के साथ ही चुनाव को लेकर बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों द्वारा अब तक किए गए कार्यों का सत्यापन भी किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

### एक दूसरे पर पटखनी देने में जुटे हुए है चाचा भतीजे

इटावा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और इटावा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने दावा किया है कि समाजवादी कुनबे में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। चाचा ( शिवपाल) और भतीजे (अखिलेश) एक दूसरे को पटखनी देने में लगे हुए है। भरथना में समाजवादी पार्टी (सपा) से जुड़े हुए प्रधानों और समर्थकों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा जब चाचा भतीजे में ही एक दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ होगी तो भाजपा से सपा कैसे मुकाबला करेगी। वास्तव में चाचा भतीजे दोनो की नियत खराब है। दोनो एक दूसरे के साथ चालाकी का खेल खेल रहे है। घर में ही राजनीति हो रही है, सैफई परिवार में ही राजनीति हो रही है। एक दूसरे को पटखनी देने में लगे हुए हैं, भाजपा से मुकाबले की तो बात ही बहुत दूर है। उन्होंने कहा यह चुनाव प्रधान, बीडीसी का नहीं है बल्कि देश के प्रधानमंत्री को चुनने का चुनाव है इस लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। यह चुनाव हिंदुस्तान का प्रधानमंत्री बनाता है। इस समय आप सोचिए कि प्रधानमंत्री के उम्मीदवार कौन-कौन है। भाजपा सांसद ने कहा आंख बंद करके वोट डालने वालों को समझने की जरूरत है। कांग्रेस की पिछली बार 54 सीटें मिली थी इस बार केवल 30 सीटें आ रही है।

### चुनाव प्रचार में भाजपा विपक्षी दलों से काफी आगे

सहारनपुर। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रचार में बढ़त बना ली है वहीं विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने अभी तक मतदान वाले इलाकों की सुधि नहीं ली है। पहले चरण में 19 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए मतदान होना है। जिसका प्रचार 17 अप्रैल रामनवमी के दिन बंद हो जाएगा। इस तरह से चुनाव प्रचार के लिए 12 दिन ही बचे हैं। भाजपा चुनाव प्रचार में अपने विपक्षी दलों पर एकतरफा बढ़त बनाए हुए हैं। पार्टी के शीर्ष प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन बड़ी चुनावी रैलियां करनी थीं। जिसका शुभारंभ वह 31 मार्च को मेरठ से कर चुके हैं। छह अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी सहारनपुर में दिल्ली रोड़ स्थित राधा स्वामी सेंटर पर जनसभा को संबोधित करेंगे। एसपीजी सहारनपुर में डेरा डाल चुकी है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सभास्थल का मुआयना कर चुके हैं। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहेंगे। इन तीनों मुख्यमंत्रियों के लिए भी अलग-अलग हेलीपैड तैयार कर लिए गए हैं। गौरतलब है कि सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र उत्तराखंड और हरियाणा दोनों राज्यों की सीमाओं को छूता है।

### झूठ भ्रष्टाचार के सभी रिकार्ड तोड़े भाजपा ने

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झूठ और भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों सभी से झूठे वादे किए। दस साल की केन्द्र की भाजपा सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। न किसानों की आय दोगुनी हुई न युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी मिली। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा देने में फेल रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। जिन-जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा हैं। भाजपा ने मंहगाई और बेरोजगारी के नाम पर भी जनता से झूठ बोला। महंगाई, बेरोजगारी कम होने के बजाय दोगुनी रफ्तार से बढ़ी। खाने-पीने की चीजें दाल, सब्जी, दूध से लेकर डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस सभी चीजों के दाम बढ़ाकर भाजपा सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग जनता की कमर तोड़ दी। यादव ने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। भाजपा ने चुनावी चंदा के नाम पर जमकर वसूली की। सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई और आईटी से छापे डलवाकर डराकर तमाम कम्पनियों से वसूली की गई। कोरोना रोधी वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली।

### रिश्वत लेते उप सरपंच सहित दो गिरफ्तार

सूरत। गुजरात के सूरत जिले में पाताल ग्राम पंचायत के उपसरपंच सहित दो लोगों को रिश्वत लेते हुये भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी सूत्रों ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने खेत की जमीन को समतल करने के लिये सूरत जिले के मांडवी तालुका की पाताल ग्राम पंचायत में आवेदन दिया था। पाताल ग्राम पंचायत उप सरपंच भूपेंद्रभाई ध. गामीत और 18 सलैया सीट तालुका पंचायत सदस्य मांडवी शंकरभाई ठा. चौधरी ने शिकायतकर्ता से ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित कराने के लिये पहले 1,50,000 रुपये की रिश्वत की मांग की फिर रकजक के अंत में दोनों आरोपियों ने 80,000 रुपये की रिश्वत की मांग की और प्रस्ताव पारित होने के साथ सभी पैसे देने का निर्णय लिया गया। अब रिश्वत की राशि 35,000/- रुपये देनी होगी, शिकायतकर्ता रिश्वत की रकम नहीं देना चाहता था और उसने एसीबी से संपर्क कर शिकायत दर्ज कर दी। शिकायत के आधार पर एसीबी ने मांडवी खेडपुर तीन रास्ता से पुराने तापी पुल की ओर जाने वाली सड़क पर अग्रेश्वर महादेव मंदिर के पास सार्वजनिक सड़क पर जाल बिछाकर भूपेंद्रभाई और शंकरभाई दोनों को 35,000 रुपये लेते हुये आज गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की मांग में जनवरी-मार्च' 24 में 43 प्रतिशत उछाल

नयी दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में वर्ष 2024 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में कार्यालय स्थल की जगहों की मांग में सालाना आधार पर 43 प्रतिशत का उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया। गुरुवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट, 'इंडिया रियल एस्टेट- ऑफिस एंड रेजिडेंशियल रिपोर्ट (जनवरी - मार्च 2024) में कहा गया है कि भारत के शीर्ष आठ बाजारों में 1.62 करोड़ वर्ग फुट ऑफिस स्पेस (कार्यालय के स्थान) के सौदे हुये। यह सालाना आधार पर 43 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान 35 लाख फुट के बराबर कार्यालय की जगह के सौदों के साथ बेंगलुरु सबसे ऊपर रहा। यह इन शीर्ष आठ बाजार की कुल सौदों के 22 प्रतिशत के बराबर है। दूसरे स्थान पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) रहा जाहां 31 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थल के सौदे हुये। इसके बाद हैदराबाद ने लगातार वृद्धि का प्रदर्शन किया और वहां प्रथम तिमाही में 30 लाख वर्ग फुट जगह ली गयी। यह महामारी के बाद शहर का सबसे अच्छा रिकार्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यालय स्थल के इन सौदों में बड़ा योगदान बहु राष्ट्रीय कंपनियों के भारतीय बाजार की ओर रुख करने वाली कंपनियों और उनके वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिये जगह की मांग का रहा।

### कांग्रेस दिशाहीन हो चुकी है, मैंने पहले ही इस्तीफा दे दिया था : निरूपम

नयी दिल्ली/मुंबई। कांग्रेस पार्टी से निष्काषित नेता संजय निरूपम ने कांग्रेस को वास्तविकता से कटा हुआ और दिशाहीन दल बताते हुए दावा किया है कि उन्होंने निष्कासन पत्र जारी होने से पहले ही पार्टी को अपना इस्तीफा भेज दिया था। पत्रकारिता से राजनीति में आए निरूपम ने कहा कि कांग्रेस दिशाहीन हो चुकी है और पार्टी के अंदर सत्ता के एक से ज्यादा केंद्र काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी राजनीति खत्म नहीं हुई है। वह उत्तर-पश्चिम मुंबई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की सोच रहे हैं और कहा है कि अपनी आगे की राह नवरात्रि के बाद तय करेंगे। ऐसी भी अटकलें हैं कि निरूपम अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। अनुशासनहीनता के आरोपों के निष्कासित किए जाने के एक दिन बाद श्री निरुपम ने गुरुवार को कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से उनके इस्तीफे के बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई की गयी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी शिवसेना के साथ सीट बंटवारे की बातचीत के बीच निरूपम के कतिपय बयान को पार्टी के अनुशासन के विरुद्ध बताते हुए कांगेस ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकालने का पत्र जारी कर दिया है।